

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

## 10.80 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

# मुंबई का दुश्मन राणा भारत लाया जाएगा

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रत्यर्पण को मंजूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की मोदी सरकार को बड़ी उपलब्धि मिली है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने मामले में उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज कर दी है. पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमेन तहव्वुर राणा पर भारत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में प्रमुख भूमिका निभाने का आरोप है। भारत ने अमेरिका की एजेंसी के साथ डीटेल्स शेयर की थी, जो लोवर कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में रखी गई। भारत के इस सबूत को कोर्ट ने स्वीकार किया। भारत द्वारा दिए गए दस्तावेज में 26/11 हमलें तहव्वुर के रोल का जिक्र किया गया था।

भारत, राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था, क्योंकि वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वॉन्टेड था. इससे पहले, वह सैन फ्रांसिस्को में उत्तरी सर्किट के लिए अमेरिकी अपील न्यायालय सहित कई संघीय (शेष पृष्ठ-3 पर)



### पाकिस्तानी आतंकियों ने दहलाया था मुंबई

लश्कर के 10 आतंकवादी, भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार लेकर 26 नवंबर, 2008 को समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसे थे। उन्होंने मुंबई में 9 जगहों पर कत्लेआम मचाया। आतंकियों ने जिन जगहों को निशाना बनाया उनमें 8 साउथ मुंबई में थीं-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल, ताज होटल, लियोपोल्ड कैफे, कामा हॉस्पिटल, नरीमन हाउस, मेट्रो सिनेमा और टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग और सेंट जेवियर्स कॉलेज के पीछे वाली गली। मुंबई के पोर्ट एरिया मझगांव और विले पार्ले में एक टैक्सी में भी विस्फोट हुआ था।

# गणतंत्र दिवस पर 942 पुलिसकर्मियों को मिलेगा वीरता पुरस्कार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में तैनाती के दौरान कुख्यात गैंगस्टर बिल्लू दुजाना को गिरफ्तार करने वाली पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा को भी राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात 28, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में 28, पूर्वोत्तर में तीन और अन्य क्षेत्रों में तैनात 36 को उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

101 जवानों को विशिष्ट सेवा (पीएसएम) के लिए राष्ट्रपति पदक सौंपे गए हैं। इनमें से 85 पुलिस कर्मियों को, पांच अग्निशमन सेवा कर्मियों को, सात नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड सेवा को और चार सुधारात्मक सेवा पुरस्कार दिए गए हैं।

इस वर्ष राष्ट्रपति वीरता पदक से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात डॉ दीक्षा शर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा। डा. दीक्षा शर्मा को गाजियाबाद में तैनाती के दौरान किए कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने कुख्यात गैंगस्टर बिल्लू दुजाना को गिरफ्तार किया था। 28 मार्च 2022 में मुठभेड़ के दौरान दीक्षा शर्मा को गोली लगी थी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने से उनकी जान बची थी।

### कुख्यात गैंगस्टर बिल्लू दुजाना को गिरफ्तार करने वाली डॉ. दीक्षा शर्मा को मिलेगा राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार



## सगी बहनों को बहला-फुसला कर ले गये पड़ोसी युवक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे से दो युवक पड़ोस में रहने वाली दो नाबालिक सगी बहनों को बहला फुसलाकर भगा ले गए। किशोरियों के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कस्बा सूरजपुर की महामेघा वाली गली में रहने वाले दिनेश काल्पनिक नाम ने बताया कि वह 21 जनवरी की शाम को ड्यूटी खत्म कर घर वापस आया तो उसकी 15 व 14 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी। काफी देर तक जब वह घर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस ने कार में घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्टल, कारतूस बरामद हुए है। पकड़े गए दोनों बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम घोड़ी बछेड़ा श्मशान घाट मोड पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने रामगढ़ अंडरपास की तरफ से आ रही वेगनर कार को रुकने का इशारा किया। कार सवार दो युवकों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें घेर कर दबोच लिया। कार में बैठे युवकों की तलाशी लेने पर उसमें से एक के पास से 32 बोर की पिस्टल व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम मोहित भाटी व ऋषभ भाटी बताया। पुलिस के मांगने पर दोनों बदमाश वैगनआर कार के कागजात भी नहीं दिखा पाए जिस (शेष पृष्ठ-3 पर)

## महिला का पर्स गायब, लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-52 के सामुदायिक केंद्र में सगाई समारोह में सम्मिलित होने आई एक महिला के पर्स पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पर्स में 25 हजार रुपए, डायमंड का पेंडेंट, दो स्मार्टफोन व जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कुसुमलता पत्नी यादव सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 23 जनवरी को सेक्टर-52 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित सगाई समारोह में सम्मिलित होने के लिए आई थी। समारोह के दौरान वह अन्य मेहमानों के साथ कुर्सी पर बैठी थी। इस दौरान वह एक मेहमान से मिलने के लिए अपनी कुर्सी से उठी और अपना बैग कुर्सी पर रख दिया। मेहमान के जाने के बाद जब उसने देखा तो कुर्सी पर रखा उसका बैग गायब था। कुसुम लता के मुताबिक बैग में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सौतेले भाई का परिवार खत्म करने वाला नईम मुठभेड़ में ढेर

### दंपत्ति और 3 बच्चियों का किया था कत्ल

**मेरठ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश नईम को एनकाउंटर में मार गिराया है। नईम ने अपने सौतेले भाई के पूरे परिवार के 5 सदस्यों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस दर्दनाक वारदात में दंपति, उनकी एक साल की बेटी सहित तीन बच्चियां शामिल थीं। हत्या के बाद नईम (शेष पृष्ठ-3 पर)



## ट्रांसफार्मर से करते थे तेल चोरी, चार गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार चाकू, चोरी की घटना में प्रयुक्त होने वाली दो लग्जरी कार, ट्रांसफार्मर का नट काटने वाले उपकरण व चोरी किया गया 350 लीटर तेल बरामद हुआ है।

डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस टीम पृथला पुल के पास संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 14 जनवरी की रात्रि में सेक्टर-70 के पार्क के सामने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य दो लग्जरी कारों में सवार होकर चोरी का तेल लेकर कहीं जाने वाले हैं। चोर गिरोह के सदस्य गढ़ी गोल चक्कर कट के पास किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गाड़ियों में बैठे चोरों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक चाकू बरामद हुआ। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से प्लास्टिक के गैलन में भरा लगभग 350 लीटर ट्रांसफर का तेल, लोहे काटने का ब्लेड, प्लास, पेचकश, रबड़ का पाइप आदि सामान बरामद हुआ। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम शिवेंद्र सिंह, विकास सिंह अंकित व जगदीश प्रसाद बताया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वरिष्ठ पत्रकार भीमसेन रावत का निधन



नोएडा। वरिष्ठ पत्रकार भीमसेन रावत का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। मूलरूप से बुलंदशहर जनपद के गांव सिकंदरपुर (समसपुर) के निवासी भीमसेन रावत चेतना मंच समेत कई समाचार-पत्रों में संवाददाता रहे हैं। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें गाजियाबाद के नरेन्द्र मोहन हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर कल शुक्रवार को सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर चेतना मंच परिवार उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## उत्तर प्रदेश दिवस में उड़ रही है पर्यावरण मानकों की धज्जियां!

### फूड स्टॉलों में खुलेआम प्लास्टिक की प्लेटों का हो रहा है उपयोग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कल 24 जनवरी से तीन दिवसीय 76वां उत्तर प्रदेश दिवस विधिवत शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम में जहां प्रदेश के विकास एवं विरासत की उपलब्धियों की झलकियां देखने को मिल रही हैं। वहीं पर्यावरण तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी की भी खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं।

शिल्पहॉट में चल रहे इस आयोजन में लगे फूड स्टालों में खुलेआम पर्यावरण के मानकों को रौंदा जा रहा है। जहां फूड स्टालों में प्लास्टिक की प्लेटों का खुलकर उपयोग हो रहा हे। कई स्टॉलों पर पॉलीथिन का उपयोग करने से लोग परहेज नहीं कर रहे हैं।

कल प्रभारी मंत्री, सरकारी अफसरों तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी के दौरान भी फूड स्टॉलों में प्लास्टिक की प्लेटों का उपयोग हो रहा था लेकिन किसी भी अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ी।

लोगों का कहना था कि ये सारे नियम क्या आम दुकानदारों पर ही लागू होते हैं। इसी को लेकर प्रशासन व प्राधिकरण अकसर अभियान चलाता है। लेकिन उप्र दिवस के इस आयोजन पर अभियान चलाने की जिम्मेदारी किसकी की है? यह एक गंभीर व शोचनीय प्रश्न है।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए उप्र युवा व्यापार मंडल सम्मानित

### प्रदेश सरकार का आभार व समूची टीम को बधाईः विकास जैन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापारियों के हित में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की टीम को सम्मानित किया। सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहॉट में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के उदघाटन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने उप्र व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन तथा चेयरमैन नवनीत गुप्ता को स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, एसीईओ सतीश पाल के अलावा उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के निखिल अग्रवाल, शक्ति सिंह, वंदना गुप्ता, शिवा चौहान, राजेश जिंदल, नवीन अग्रवाल, मनीष शर्मा, सुरेन्द्र अग्रवाल, ज्ञानचंद अग्रवाल तथा आकाश जैन आदि टीम के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने इस सम्मान के लिए व्यापार मंडल की पूरी टीम को बधाई दी तथा उप्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का अदभुत क्षण है तथा मैं आज गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। बता दें कि व्यापारियों के हित तथा उनके संघर्षों के लिए 15 अगस्त 2018 को उप्र युवा व्यापार मंडल का गठन किया गया था। इस संगठन ने व्यापारियों के हित के लिए तूफानी गति से कई अभूतपूर्व कार्य किए तथा पूरे प्रदेश में अपना परचम लहरा दिया।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910

सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

# जागरूक वोटर

यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। लेकिन फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। दरअसल पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है। निस्संदेह, मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार-समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है। इसी तर्ज पर भाजपा महिला समृद्धि योजना लेकर आई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये सत्ता में आने पर दिये जाने का वायदा है। इस मुफ्त के खेल में अब कांग्रेस भी उतर गई है, जिसने सभी पात्र महिलाओं को 2,500 मासिक देने की घोषणा की है। भाजपा व कांग्रेस को लगता है कि आप की मुफ्त की राजनीति को मुफ्त के दांव से ही शिकस्त दी जा सकती है। निस्संदेह, हमारी आधी दुनिया की अर्थव्यवस्था में वह भूमिका तय नहीं हो पायी, जो 21वीं सदी में होनी चाहिए थी। हमारे वंचित समाज की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिया जाना तार्किक पहल है। लेकिन उन्हें स्वावलंबी बनाने की जरूरत है न कि याचक के रूप में मुफ्त की आर्थिक सहायता देने की। इससे न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है बल्कि मुफ्त की लत भी बढ़ती है। अर्थशास्त्रियों की राय से सहमत हुआ जा सकता है कि प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद राजकोषीय स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। जो कालांतर दीर्घकालीन विकास के लिये घातक साबित हो सकता है। निश्चित रूप से भारत के चुनाव आयोग को इस गंभीर मुद्दे पर पहल कर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाने और राजकोषीय स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में पहल करनी चाहिए। सही मायनो में मुफ्तखोरी की संस्कृति भारतीय लोकतंत्र का मजाक ही है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिसका घर कल्पवृक्ष के नीचे हो, वह भला दरिद्रता से उत्पन्न दु:ख को क्यों सहेगा? हे शशिभूषण! हे नाथ! हृदय में ऐसा विचार कर मेरी बुद्धि के भारी भ्रम को दूर कीजिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**प्रभु जे मुनि परमारथबादी। कहहिं राम कहुँ ब्रह्म अनादी॥**
**सेस सारदा बेद पुराना। सकल करहिं रघुपति गुन गाना॥**

हे प्रभो! जो परमार्थतत्व (ब्रह्म) के ज्ञाता और वक्ता मुनि हैं, वे श्री रामचन्द्रजी को अनादि ब्रह्म कहते हैं और शेष, सरस्वती, वेद और पुराण सभी श्री रघुनाथजी का गुण गाते हैं॥

**तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती॥**
**रामु सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुन अलखगति कोई॥**

और हे कामदेव के शत्रु! आप भी दिन-रात आदरपूर्वक राम-राम जपा करते हैं- ये राम वही अयोध्या के राजा के पुत्र हैं? या अजन्मे, निर्गुण और अगोचर कोई और राम हैं?॥

**दो0-जौं नृप तनय त ब्रह्म किमि नारि बिरहँ मति भोरि।**
**देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि॥**

यदि वे राजपुत्र हैं तो ब्रह्म कैसे? (और यदि ब्रह्म हैं तो) स्त्री के विरह में उनकी मति बावली कैसे हो गई? इधर उनके ऐसे चरित्र देखकर और उधर उनकी महिमा सुनकर मेरी बुद्धि अत्यन्त चकरा रही है॥

( क्रमशः... )

# जनवरी में दीपावली मनाता जनजातीय ग्राम मेंढापानी

भारतीय पशुधन प्रेम अद्भुत कथा है यह! सौ प्रतिशत जनजातीय एवं अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले मेंढापानी ग्राम (बैतूल) की यह कथा अविश्वसनीय भी है! अविश्वनीय इसलिए, कि अपने देश के जनजातीय बंधु, अपने होली-दीपावली के पर्वों से किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। वे अपने इन उत्सवों को डूबकर, रसमय होकर मनाते हैं और इन त्योहारों को जीते हैं। ये जनजातीय त्यौहारों को स्वयं में समाहित कर लेते हैं।

वैसे तो देश भर में जनजातीय समाज का दीपावली उत्सव बड़ा ही विशिष्ट व उल्लेखनीय होता है किंतु गोंडवाना के जनजातीय समाज की दीपावली का तो कहना ही क्या!! इनके जीवन में दीपावली व होली का त्यौहार केवल आता नहीं है, आकर ठहर जाता है! इनके चौक, चौपालों, खारी, ढानी, बाजारों, टोलों, टपरों, मठ, मुठिया, मेलों, ग्रामों में और, उससे भी बढ़कर इनके हृदय में दीपावली ठहर जाती है! हाँ, ये वनवासी बंधु, त्योहारों को हृदय में धारते हैं और उसे उतार लेते हैं अपने अन्तर्तम तक। होली, दीवाली को मनस्थ और तनस्थ कर लेने का ही प्रभाव होता है कि बैतूल जिले का जनजातीय समाज एक मास तक इन त्योहारों को सतत मनाता ही रहता है। इस मध्य वह कोई काम नहीं करना चाहता। इस मध्य उसे आप कितनी भी अधिक मजदूरी का, वेतन का लालच दे दो; वह नहीं आयेगा काम पर! इनकी होली, दीवाली केवल अपने ही परिवार में, मोहल्ले में या ग्राम में नहीं मनती है। ये जनजातीय बंधु, उस क्षेत्र में स्थित प्रत्येक ग्राम में एक दूसरे के गाँव में जाकर घर में रात्रि विश्राम करके ही दीवाली मनाते हैं। सभी एक दूसरे के गाँव में जाते हैं और भव्य आतिथ्य का आनंद लेते हैं।

तो आते हैं, बैतूल जिले के एक विशुद्ध जनजातीय व अनुसूचित जाति वाले गाँव, मेंढापानी की कहानी पर। मेंढापानी में लगभग तीन सौ पचास घर हैं, सभी घर या तो जनजातीय बंधुओं के हैं या अनुसूचित जाति बंधुओं के। दोनों की जीवन शैली लगभग वनवासी ही है।

लगभग तीन वर्ष पूर्व कोविड महामारी के दिनों के आसपास ही भारत के कुछ प्रदेशों में पशुधन को लंपी वायरस नामक एक बीमारी ने घेर लिया था। बैतूल में भी एक सौ चौबीस ग्रामों में यह बीमारी फेल गई थी। हजारों गाय, बैल, भैंसों को लंपी वायरस ने अपना शिकार बना लिया था। इन्हीं दिनों में मेंढापनी में भी सैकड़ों गाय, बेल, भैंस आदि पशु लंपी से ग्रसित होकर गोलोकवासी हो गए थे। वह दीपावली के एन पूर्व का सितंबर का माह था; वर्ष था, 2022! मेंढापानी के निवासी अपने प्रिय पशुधन के असमय व बड़ी संख्या में निधन से इतने दुखी हुए कि इन्होंने अपने सबसे बड़े, सबसे प्रिय, सबसे सुंदर त्यौहार दीपावली को ही त्याग दिया। जब आसपास के ग्रामवासियों को यह बात पता चली तो पंचायत बैठी और पंचायत ने, शोकग्रस्त मेंढापानी वासियों से दीपावली मनाने का आग्रह किया। तब तक जनवरी, 2023 आ चुका था। इस प्रकार, अक्टूबर-नवंबर की दीपावली मेंढापानी में पहली बार जनवरी में मनाई गई। लंपी वायरस के विदा होने पर ही जनवरी, 2023 में मेंढापनी निवासियों ने दीपावली मनाई थी। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति मेंढापानी के ग्रामीण बंधुओं का शोक यहाँ भी रुका नहीं, उन्होंने तीन वर्षों तक उनका प्रियतम दीपावली का पर्व जनवरी में मनाने का निर्णय लिया। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति शोक प्रकट करने का उनका यह अपना तरीका था।



**वैसे तो देश भर में जनजातीय समाज का दीपावली उत्सव बड़ा ही विशिष्ट व उल्लेखनीय होता है किंतु गोंडवाना के जनजातीय समाज की दीपावली का तो कहना ही क्या!! इनके जीवन में दीपावली व होली का त्यौहार केवल आता नहीं है, आकर ठहर जाता है!**

यह अंतिम वर्ष था जब मेंढापानी निवासियों ने दीपावली का पर्व कार्तिक मास में न मनाकर, जनवरी में मनाया था। इस वर्ष मेंढापानी के ग्रामवासियों के आग्रह पर उनकी इस जनवरी माह वाली दीपावली में सम्मिलित होने का अवसर मुझे भी मिला। आड़ा-टेढ़ा, जैसा भी सही पर इन वनवासी बंधुओं के साथ नृत्य करने में मुझे भी बड़ा आनंद आया। मेंढापानी के निवासियों संग चाय पर चर्चा भी हुई और उनके संग सहभोज का भागी भी बना! बड़ा ही अद्भुत, उमंग, उल्लास व उत्साह से भरा वातावरण था समूचे गाँव का। भले ही छोटे-छोटे घर-आँगन होंगे मेंढापानी के निवासियों के, किंतु उनके दिल के जैसे ही, घर में भी लोग समाते ही चले जा रहे थे। एक-एक घर में तीस-तीस चालीस-चालीस मेहमान थे। प्रत्येक घर के सामने आठ-दस बाइक्स तो अनिवार्य रूप से खड़ी ही थी। किसी भी मोटरसाइकिल पर तीन से कम लोग तो आए ही नहीं थे। फटफटी पर चार लोगों को बैठा लेना तो इन ग्रामीणों के लिए बड़ी ही सामान्य सी बात है। पूरा गांव मेले के वातावरण में, गीत, संगीत, नृत्य, चाय-पानी, भोजन के क्रम में डूबा हुआ सा और सराबोर सा झूम रहा था। बस एक कमी खल रही थी कि यहाँ वहाँ ऊँचे स्वर में बजने वाले संगीत में उनके अपने जनजातीय गीत और नृत्य गायब थे। फिल्मी गीतों और डीजे के शोर ने पारंपरिक गीतों व नृत्य के स्वरों को दबा दिया था। यह दुखद लगा। शेष सभी कुछ बड़ा ही आनंदित कर देने वाला था! युवक युवतियां तो अपनी झूम में थे ही, बड़े और वृद्ध भी अपने पूरे रंग में दिख रहे थे। सभी ने एक से एक रंग बिरंगे, चटकीले रंगों वाले कपड़े पहने हुए थे। युवक-युवतियों के माथे पर डिस्को इलेक्ट्रानिक बल्बों से जलने वाले बकल झिलमिला रहे थे। इन रंगीन लाइटिंग में उनके चेहरे के साज सिंगार को और अधिक चमक और उत्साह मिल रहा था। युवक-युवतियाँ संग-संग हाथों में हाथ थामे घूम रहे थे, नाच रहे थे। निश्चित ही मेंढापानी में इस मेले के दिन पच्चीस-पचास रिश्ते तो तय हुए ही होंगे।

मुझे अपने मध्य पाकर ग्रामवासी बड़े ही प्रसन्न हुए, उन्होंने बड़े ही हृदय से स्वागत किया। मैंने भी अवसर छोड़ा नहीं और बहुतेरी बातें की। उनसे आग्रह किया कि अगले वर्ष दीपावली कार्तिक मास में ही मनाएँ और फिल्मी गानों और डीजे के स्थान पर पारंपरिक गीत व नृत्य को ही थामें रहें।

**-प्रवीण गुगनानी**
**विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा**

# नकली खेल सामान नहीं चाहिए

आज के ओलंपिक खिलाड़ी भी शौकिया न होकर अब पेशेवर हो गए हैं। सदी पूर्व जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इस लिए छीन लिए गए थे कि उसने कहीं खेल के नाम पर थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमरीकी डालर इनाम देता है और भारत में तो कुछ राज्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ रुपए भी देते हैं। तभी तो बढ़िया किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्व बढ़ गया है। अभी तक बढ़िया खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आएंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाड़ियों को मिले, ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं, करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिएं। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरा है। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपए का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है, तो कीमत बढ़िया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री



खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एंड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देख जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपए का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महाविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो, वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने, उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों।

जिस संस्थान को सामग्री मिले, वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिनके पास धन व साधन हैं, वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम प्रशिक्षण केन्द्र हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए स्कूल व कालेज समय में खिलाड़ी को अच्छी खेल सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। पूरे संसार में जहां के खिलाड़ी श्रेष्ठ हैं, वहां पर स्कूल व कालेज स्तर पर बहुत ही उत्तम खेल सुविधाएं मुहैया हैं। इस स्तर पर अगर हिमाचल प्रदेश में घटिया खेल सामान न खरीद कर उच्च क्वालिटी का खेल सामान खरीदा होगा, तो स्तरीय खेल सुविधा होगी तो जहां जो खिलाड़ी प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव में खेल छोड़ देते हैं, वे अपने घर में रह कर खेल जारी रख सकते हैं। खेल सुविधाओं के लिए पलायन करने वालों को भी जब अपने ही राज्य में रह कर अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के लिए सुविधा मिलेगी, तो वे फिर क्यों अपना प्रदेश छोड़ेंगे। बात चाहे शिक्षा निदेशालय की हो या किसी भी संस्थान की, अब हिमाचल प्रदेश में उचित मूल्य चुका कर घटिया किस्म का खेल सामान खरीद कर करोड़ों रुपए की बंदरबांट को बंद करके असली खेल सामान खरीद कर हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों व देश के गौरव पर तो कुछ दया करो।

**-भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

# राशिफल

माघ कृष्ण पक्ष एकादशी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कोई रिस्क न लें। वाहन धीरे चलाएं। कार्यों में विघ्न-बाधा रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आनंददायक जीवन गुजारेंगे। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु उपद्रव संभव है। लेकिन शत्रु शमन भी संभव है। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम-संतान की स्थिति सुधर गई।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह कलह के संकेत हैं लेकिन भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि भी दिख रही है। स्वास्थ्य की स्थिति पहले से बेहतर।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
सोची हुई चीज या प्लान की हुई चीज को लागू करें। व्यापारिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
धन आगमन होगा। निवेश से बचें। कुटुंबों में वृद्धि होगी लेकिन जुबान से बचें। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। समाज में सराहना होगी। आपका कद बढ़ेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम-संतान अभी भी मध्यम है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण होगा। कुछ काम आपके भाग्यवश भी बनेंगे। प्रेम-संतान सफलता की ओर जाएंगे।

# सपाइयों ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मच )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर कल पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जननायक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि दी गई और उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट रामशरण नागर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए कई बड़े आंदोलन किये और काफी दिनों तक जेल में भी रहे। वह सरल और सरस हृदय के राजनेता थे।

उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा गरीब मजदूर एवं नौजवानों के हक की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन लोगों के लिए आदर्श है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला महासचिव सुधीर तोमर, तेजपाल तोमर, अकबर खान, विपिन सैन, यूनुस प्रधान, अमित रौनी, अक्षय चौधरी, प्रवीण भाटी, कपिल ननका, विनोद लोहिया, बबलू सैन, विनोद लोहिया, विक्रम टाइगर सफीपुर, सुदेश भाटी, इंजिनियर गजेंद्र यादव, ओमवीर सैन, डॉ. दीपक सैन, हुकुम सिंह भारती, जगदीश सैन, सतपाल प्रजापति,सोनू सैन, मनदीप भाटी, असगर अली, इमरान, अनिल जयंत आदि उपस्थिति रहे।

# राजकुमार को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मच )।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर किसान नेता राजकुमार रूपबास को सम्मानित किया गया। खेडी भनोता गांव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज के प्रांगण में जयंती मनाई गई जिसके मुख्य अतिथि नरेंद्र भाटी एमएलसी रहे अध्यक्षता डीपी सिंह एडीएम ने की संचालन सत्येंद्र नेताजी ने किया। क्षेत्र से आई विभिन्न विभिन्न गांव गणमान्य व्यक्तियों को फूलमाला मूवमेंट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार रखें नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के बारे विजय सिंह पथिक के बारे में लोगों ने बारी-बारी से से विचार रखें। इस बीच किसान नेता राजकुमार रूपबास किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के तहसील अध्यक्ष को



समाजसेवी को मूवमेंट देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर नरेंद्र भाटी एमएलसी दीपक नागर अभय सिंह गुर्जर मैनेजर नेताजी सुभाष चंद्र इंटर कॉलेज सत्येंद्र नेताजी नीरज भाटी मोजीराम बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परविंदर भाटी बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर आलोक नागर जनार्दन भाटी मनवीर नागर देवेंद्र टाइगर मास्टर भागमल सिंह सत्येंद्र गुर्जर राज सिंह प्रधान संदीप अध्यक्ष सोबिंदर जीतू आदि मौजूद थे।

# युवक का मोबाइल झपटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 से बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल फोन छीन कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर 12 वी ब्लॉक में रहने वाले रविकांत तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 दिसंबर को उनका भाई सेक्टर के गेट पर खड़ा हुआ था। इस दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। दोनों युवकों के चेहरे पर कपड़ा बंधा हुआ था। उसके भाई ने शोर मचा कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# कामायनी फाउंडेशन ने ज़िला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का किया स्वागत्



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मच )।** कामायनी फाउंडेशन / संस्था ने ज़िला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परमेंदर भाटी और सचिव अजीत नागर का कामायनी फाउंडेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन कुमार सैन व संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव मनोज प्रधान बिरौंडी ने फूल माला और सॉल भेट कर स्वागत् किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमेंदर भाटी और अजीत नागर ने धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर एड. आशीष भाटी एड. कविता नागर, एड. मुकेश कुमार सैन एड. रविन्द्र कुमार, एड. जितेंद्र भाटी, अतुल गुर्जर, शिवम् मावी, आदि लोग मौजूद रहे।

# जेल में क्रिकेट मैच का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मच )।** जिला कारागार में चौथे दिन जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का रोमांचक आगाज हुआ। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, विवेकपाल सिंह चिकित्साधिकारी, राजीव कुमार सिंह कारापाल, संजय कुमार शाही कारापाल, सुरजीत सिंह उपकारापाल, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

चौथे दिन जेल प्रीमियर लीग के तहत खेले गये क्रिकेट मैच ने दर्षकों और खिलाडियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया। यह टूर्नामेंट जेल प्रषासन द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें कारागार में निरूद्ध बंदियों को खेल के माध्यम से सकारात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य को बढावा देने का अवसर दिया जा रहा है। आज के मुकाबले बेहद रोमांचक और कड़े संघर्ष वाले रहे।

पहला मैच- सुबह के सत्र में खेले गये पहले मैच में जेल लॉयन और जेल नाईटराइडर के मध्य खेला गया। जिसमें टीम जेल लॉयन द्वारा 92 रनों का लक्ष्य जेल नाईटराइडर को दिया गया। जिसमें जेल लॉयन ने नाईटराइडर को 84 रनों पर ही ऑलआउट कर जीत दर्ज की।

दूसरा मैच:- जेल रॉयल और जेल डेयरडेविल्स के मध्य खेला गया। जिसमें जेल रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का




निर्णय लेते हुये। टीम डेयरडेविल्स को 12 वें ओवर में 55 रनों पर ही ऑलआउट कर, अपनी जीत की लय को बरकरार रखा।

तीसरा मैच- जेल सुपर किंग्स व जेल सनराईजर्स के मध्य हुआ। जहॉ सनराईजर्स ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का निर्णय लेते हुये। सुपरकिंग्स को 09 वें ओवर में ही ऑलआउट कर दिया।

चौथा मुकाबला कॉफी रोमांचक और आकर्षण का केन्द्र रहा जहॉ यह मुकाबला जेल वारियर्स (जेल वार्डर) व जेल किंग्स के मध्य हुआ। इस मुकाबले में जहॉ आज खुद जेल अधीक्षक बृजेष कुमार व जेल चिकित्साधिकारी डॉ0 विवेकपाल बंदियों व खिलाडियों में उत्साह व मनोबल बढाने हेतु खुद मैदान में उतरते नज़र आयें। इस मैच में जेल किंग्स द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय कर जेल वॉरियर के सामने 56 रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करने जेल वॉरियर के खिलाडी बृजेष कुमार व डा0 विवेकपाल ने मैदान में उतरकर मैच के पॉचवें ओवर मे ही जीत दर्ज की ।जेल वॉरियर के रोहित कुमार ने 03 व रंजीत कुन्तल ने 02 विकेट झटके।

# मौनी अमावस्या पर रेलवे चलायेगा 150 से ज्यादा ट्रेन

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज हिमांशु बडोनी ने प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभागार में महाकुंभ -2025 में आगामी स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए प्रयागराज मण्डल द्वारा की गयी तैयारियों के संबंध में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह; मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, शशिकांत त्रिपाठी; वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, हिमांशु शुक्ला एवं वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, श्रीकृष्ण शुक्ला उपस्थित थे।

मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी ने प्रेसवार्ता में संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज मण्डल ने 90 गाड़ियां चलाने की योजना तैयार की थी लेकिन श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए 101 गाड़ियों का परिचालन किया गया एवं प्रयागराज क्षेत्र के 8 स्टेशनों से कुल 134 गाड़ियों का परिचालन किया गया। महाकुंभ-2025 में 11 जनवरी, 2025 से 23 जनवरी, 2025 तक प्रयागराज क्षेत्र से कुल 950 गाड़ियों




का परिचालन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 अतिरिक्त रेक सहित कुल 200 रेकों की व्यवस्था की गयी है। त्वरित परिचालन के लिए गाड़ियों की दोनों दिशाओं में इंजन लगाया गया है। इस दौरान रेलवे प्रशासन ने सिविल प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय किया ताकि श्रद्धालुओं को सुगमता से गंतव्य के लिए भेजा जा सके। रेल प्रशासन और सिविल प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिलकर कार्य किया। श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य के लिए यात्रा के संबंध में जानकारी देने के लिए खुसरो बाग में बनाए गए यात्री आश्रय में रेलवे प्रशासन यात्रा के लिए जानकारियां उपलब्ध करा रहा है । रेलवे ने श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए 30000 से अधिक श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की एवं 3000 श्रद्धालुओं को अगले उपचार के लिए आर्ब्वैशन कक्ष में भेजा गया एवं 32 श्रद्धालुओं को उपचार हेतु अस्पतालों में रेफर किया गया।

प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज स्टेशन से 13 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की जिससे 71 करोड़ से अधिक आय अर्जित हुयी, जबकि कुम्भ मेला 2019 के दौरान 6 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की और इससे 21 करोड़ से अधिक की आय हुयी । आगामी स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के अनुमान के अनुसार रेलवे ने 150 से अधिक गाड़ियां चलाने की योजना तैयार की है । मौनी अमावस्या पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं को प्रयागराज क्षेत्र के 8 स्टेशनों पर दिशा अनुसार यात्रा के लिए भेजने की योजना है । खुसरों बाग को होल्डिंग एरिया के रुप में तैयार किया गया है जिसमे 1 लाख श्रद्धालुओं को आश्रय देने की व्यवस्था है । यहाँ पर इस्कॉन संस्था द्वारा श्रद्धालुओं के खाने की व्यवस्था भी की गई है।

# कृषक प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** कॉर्डेट फूलपुर की अनोखी पहल के अंतर्गत कार्डेट, मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के परिसर में इफको कर्मचारी संघ के सदस्यों एवं क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार बंधुओं के लिए एकदिवसीय विशेष कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कारडेट प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने इफको के नए उर्वरक नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान रवि फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिड़काव की भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कॉर्डेट मे गेहूं एवं सब्जियों की फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन का अवलोकन भी कराया गया।

कार्यक्रम में इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडे महामंत्री विजय कुमार यादव सहित समस्त कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे साथ ही सम्मानित पत्रकार बंधु दयाशंकर त्रिपाठी, रमेश कुमार पांडे, हर्ष देव तिवारी, शिवबाबू चौरसिया,विजय चंद विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के कई सम्मानित पत्रकार जन उपस्थित रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदायें आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-51-24-25, कार्य का नाम (हिन्दी) : तीन वर्ष की अवधि के लिए वाराणसी मंडल (प्रयागराज रामबाग, बनारस और वाराणसी डिपो के अंतर्गत) में विभिन्न क्षमता के एसी संयंत्रों के लिए वार्षिक रखरखाव और मरम्मत अनुबंध के लिए विद्युत कार्य। अनुमानित लागतः 5179904.52, अमानत राशि : 103600.00, कार्य समापन का समय : 36 माह, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 14.02.2025, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.02.2025, 14:30 बजे।

क्र.सं. 2. निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-52-24-25, कार्य का नाम (हिन्दी) : ट्रेन नंबर 12537/38 (बापूधाम एसएफ एक्सप्रेस), 15103/04 (बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस) 05193/94 (छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन स्पेशल एक्सप्रेस) की ग्रीब्स कॉटन मेक डीजी सेट (कुल-9 अदद पॉवर कार) की पॉवर कारो के लिए 2 साल के हेतु ए-चेक और एस्कोर्टिंग डयूटीज का शेड्यूल रखरखाव। अनुमानित लागत : 20831952.15, अमानत राशि : 254200.00, कार्य समापन का समय : 24 माह, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 14.02.2025, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.02.2025, 14:30 बजे।

● उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य/वाराणसी**
**मुजाधि/विद्युत – 218**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


## पृष्ठ एक के शेष....

**दो सगी बहनों...**

नहीं लौटी तो उसने अपनी बेटियों की तलाश की। इस दौरान उसके पड़ोसी ने बताया कि उसकी बेटियों को अर्जुन और सुबेह अपने साथ गए हैं। सूचना के बाद उसने आरोपियों तथा अपनी बेटियों की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। नामजद आरोपियों और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

**दो शातिर बदमाश...**

कारण कार को भी एमवी एक्ट में सीज कर दिया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**मुंबई का दुश्मन...**

अदालतों में कानूनी लड़ाई हार गया था। 13 नवंबर को तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में मामले के रिव्यू के लिए याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। तहव्वुर राणा को फिलहाल लॉस एंजिल्स के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में रखा गया है।

**सौतेले भाई का...**

घर में ताला लगाकर फरार हो गया था। यह खौफनाक घटना 9 जनवरी को सामने आई थी, जब पुलिस को हत्या की सूचना मिली। जांच में पता चला कि नईम ने पूरी साजिश रचकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया था। फरार होने के बाद वह बार-बार भेष बदलकर महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई जगहों पर छुपता रहा। उस पर इन राज्यों में भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे।

पुलिस ने नईम को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर कैंपेन चलाया। लगातार छानबीन और दबिश के बाद मेरठ पुलिस ने उसे घेर लिया और नईम एनकाउंटर में मारा गया। नईम के खिलाफ हत्या, धोखाधड़ी और कई अन्य गंभीर मामलों में केस दर्ज थे।

पिछले दिनों यूपी के मेरठ में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया था। लिसाड़ी गेट इलाके के सोहेल गार्डन में एक घर से पति, पत्नी और उनकी तीन बेटियों का शव मिला। मृतकों में पति मोइन, पत्नी असमा और उनकी तीन बेटियां अ?सा (8), अजीजा (4) और अदीबा (1) शामिल थीं. जानकारी के अनुसार, मोइन मिस्त्री का काम करता था. पड़ोसियों ने बताया कि घर के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था और अंदर से किसी तरह की हलचल नहीं हो रही थी। शक होने पर जब पुलिस को सूचना दी गई तो दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया। पुलिस को मोइन और असमा के शव जमीन पर पड़े मिले, जबकि तीनों बच्चियों के शव बेड बॉक्स से बरामद हुए थे। पुलिस को एक साल की बच्ची की लाश बोरी में मिली थी, उसकी भी हत्या करके लाश बॉक्स में छिपाई गई थी।

**ट्रांसफार्मर से करते थे...**

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उनसे बरामद तेल उन्होंने 14 जनवरी की रात्रि को सेक्टर-70 पार्क के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का नट काटकर चोरी किया था। इस तेल को वह बेचने की फिराक में दिल्ली जाने वाले थे।

पकड़े गए चोरों ने 16 जनवरी की रात को ग्राम सोरखा, सेक्टर-50, सेक्टर-41 तथा सेक्टर-40 में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से भी तेल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियो ने बताया कि वह आरी व पेचकस की मदद से ट्रांसफार्मर का नट बोल्ट काट कर तेल चोरी करते हैं। पकड़े गए आरोपियों ने विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

**महिला का पर्स गायब...**

दो स्मार्ट मोबाइल फोन, डायमंड का पेंडेंट 25 हजार रुपए, घर की चाबियां, जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।







**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट संख्या-1, नॉलेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर-201308, उ.प्र.
वैबसाइटः www.greaternoidaauthority.in, ई-मेलः authority@gnida.in

पत्रांकः स्वा.वि./2025/214 — दिनांकः 24.01.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रभारी वरिष्ठ प्रबन्धक (निविदा सेल), ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–स्वा.वि./2025/213, दिनांक 24.01.2025 के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइटः www.greaternoidaauthority.in पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Enforcement, Collection & Transportation of legacy dump in gnida limits within period of one year and processing of construction & demolition (C&D) waste from Greater Noida | Rs. 1840.44 Lakh |

**उक्त कार्यों की निविदा दिनांक 27.01.2025 से 10.02.2025 को 17:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं कार्य की प्री-बिड बैठक दिनांक 03.02.2025 को दोपहर 03:00 बजे ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण कार्यालय, भूखण्ड सं.-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा के प्रशासनिक भवन में चतुर्थ तल पर उपरोक्त निविदा प्राप्त करने से पूर्व निविदा में प्रतिभाग करने वाली फर्मों/एजेंसियों की निविदा से पूर्व बैठक (Pre-Bid Meeting) की जायेगी तथा उक्त दोनों कार्यों की प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन बिड दिनांक 12.02.2025 को 11:00 बजे खोली जायेगी।**

वरिष्ठ प्रबन्धक (निविदा सेल)

Follow Us On / OfficialGNIDA

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मसालिया, झारखंड में नए दरवाजे खोले

**-झारखंड राज्य में बैंक के कुल 94 बैंकिंग आउटलेट्स और देशभर में 1043 आउटलेट्स के साथ मसालिया, दुमका, झारखंड में नया बैंकिंग आउटलेट लॉन्च किया गया। -उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड सीमित वित्तीय सेवाओं की पहुंच वाले कम आय वाले व्यक्तियों को जॉइंट लाइबिलिटी ग्रुप (खछत्र्) मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग लोन सुविधाएं प्रदान करेगा।**

**-यह बैंक विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करेगा जो निवासियों और उद्यमियों को वित्तीय बचत, व्यापार वृद्धि और निवेश में सहायता प्रदान करेंगे।**

**झारखंड।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ मसालिया, दुमका, झारखंड में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करने की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने झारखंड में कुल 94 बैंकिंग आउटलेट्स और देशभर में 1043 आउटलेट्स की उपस्थिति सुनिश्चित की है। मसालिया, दुमका के निवासी बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट जैसी बैंकिंग उत्पादों के लाभ उठा सकेंगे। बैंक विभिन्न ऋण उत्पादों की भी पेशकश करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक की इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए श्री गोविंद सिंह, एमडी और सीईओ,



उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, मसालिया, दुमका में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन झारखंड में सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती से दशार्ता है। मसालिया, जो दुमका के दिल में स्थित है, सांथाल परगना क्षेत्र का हिस्सा है, जो अपनी जीवंत जनजातीय धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। हम एक विस्तृत बैंकिंग समाधान, जिसमें खछत्र् मॉडल के माध्यम से माइक्रो-लोन शामिल हैं, पेश करके इस अद्वितीय समुदाय की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान के अवसर बढ़ सके। ये बैंकिंग आउटलेट्स माइक्रो-बैंकिंग लोन प्रदान करेंगे, जो उन गरीब या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यापार विकास सेवाओं के लिए मिलेगा, जिन्हें वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। खछत्र् मॉडल एक समूह ऋण मॉडल है, जिसमें व्यक्तियों को बिना किसी व्यक्तिगत संपत्ति या सुरक्षा के ऋण प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन और ऋण की तत्काल अदायगी के माध्यम से क्रेडिट अनुशासन को बढ़ावा मिलता है। ग्राहक विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सकते हैं, जैसे कि बैंकिंग आउटलेट्स, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, युनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर। इसके अतिरिक्त, बैंक डिजी ऑन-बोर्डिंग नामक टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता मॉडल के माध्यम से ग्राहकों को बिना बैंकिंग आउटलेट पर जाए अपना खाता खोलने की सुविधा भी प्रदान करता है।

# प्योर ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांति लाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 किया लॉन्च

**● रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए थ्रिल मोड ● प्रिडिक्टिव एआई वीसीयू, यूजर की राइडिंग की जरुरत के अनुसार खुद को अनुकूलित कर बेहतर माइलेज देता है ● प्योर ईवी प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री में प्रति केडबल्यूएच के हिसाब से सबसे अधिक माइलेज प्रदान करते हैं**



**पटना।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निमार्ताओं में से एक प्योर ईवी ने आज एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूजर एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, ंएक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरूआत के साथ, हम एडवांस एआई तकनीकों को सहजता से एकीकृत करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति के अगले चरण में कदम रख रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म प्योर ईवी के लिए अद्वितीय है और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। हम अपने वाहनों को न केवल परिवहन के साधन के रूप में देखते हैं, बल्कि एक इंटेलिजेंट, कनेक्टेड डिवाइस के रूप में भी देखते हैं, जो मोबिलिटी की अवधारणा को फिर से परिभाषित करती है, और हमारे ग्राहकों को एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म एडवांस प्रिडिक्टिव एआई से लैस है, जो राइडर के व्यवहार से सीखता है और बदलती स्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम है। विश्वसनीयता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह फीचर प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर के सिद्धांत पर काम करता है और संभावित समस्याओं का पता लगाकर और उन्हें पहले ही हल करके वाहन की 100 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करता है। क्लाउड एआई के साथ मिलकर, यह प्लेटफॉर्म ओवर-द-एयर अपडेट्स और अपग्रेड्स की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे वाहन का सॉफ़्टवेयर अप-टू-डेट रहता है और प्रदर्शन के लिए अनुकूलित होता है। एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की एक और खासियत इसका नेक्स्ट-जेनरेशन टीएफटी डैशबोर्ड है, जो आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस से आसानी से कनेक्ट हो सकता है। यह आधुनिक डैशबोर्ड कई तरह की स्मार्ट फीचर्स प्रदान करता है, जिसमें रियल-टाइम नेविगेशन मैप्स, बैटरी हेल्थ अपडेट्स, रेंज एस्टिमेट्स और बहुत कुछ शामिल है, जो सुनिश्चित करता है कि राइडर्स को सभी जरूरी जानकारी एक ही क्लीक पर मिल सके। यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर करने के लिए डिजाइन किया गया, यह प्लेटफॉर्म बैटरी हेल्थ और रेंज जैसी महत्वपूर्ण वाहन मैट्रिक्स पर रीयल-टाइम अपडेट प्रदान करता है, जिससे राइडर्स को बिना किसी परेशानी के डेटा तक पहुंच मिलती है। ये फीचर्स सामूहिक रूप से एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 को इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक को एडवांसमेंट की ओर ले जाने में सहायक बनाती हैं, और इंडस्ट्री में नवाचार के नए मानक स्थापित करती हैं। पहले लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म की सफलता के आधार पर, नए एडवांस सिस्टम में न्यू जेन स्मार्ट एआई आधारित व्हीकल कंट्रोल यूनिट, रिजनरेटिव ब्रेकिंग, कोस्टिंग रीजन, एन्हांस्ड इलेक्ट्रिक ब्रेकिंग सिस्टम, स्विफ्ट थ्रॉटल रिस्पॉन्स और अत्यधिक कुशल पावरट्रेन जैसी सुविधाएं भी शामिल की गई हैं, जो इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर इंडस्ट्री में यूजर एक्सपीरियंस को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। शुरूआत में, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 प्योर ईवी के प्रीमियम मॉडल, ईप्लूटो, 7जी मैक्स और ईट्रिस्ट एक्स में उपलब्ध होगा, और 2025 के अंत तक अन्य सभी मॉडलों में भी इसे उपलब्ध कराने की योजना है।

एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरूआत प्योर ईवी के स्थायी और इंटेलिजेंट मोबिलिटी सॉल्यूशंस के विजन के साथ मेल खाती है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन रोजमर्रा की ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन सकें।

# सरकार को बजट में संरचनात्मक सुधारों के लिए राजनीतिक पकड़ का उपयोग करना चाहिए: सुब्बाराव

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 3.0 सरकार को वृद्धि तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं तथा धीमी पड़ती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। सुब्बाराव ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह राजग 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और इसे राजनीतिक रूप से कठिन संरचनात्मक सुधारों को लागू करने के लिए अपनी विशाल राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाना तथा उच्च वृद्धि पथ पर लाना है। सुब्बाराव ने कहा, लेकिन केवल वृद्धि से काम नहीं चलेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वृद्धि का लाभ व्यापक रूप से सभी तक पहुंचे यानी हमें असमानता कम करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के निचले तबके की आधी आबादी का विशाल उपभोग आधार देश की वृद्धि का सबसे बड़ा चालक है। सुब्बाराव ने कहा कि निचले आधे हिस्से में उपभोग बढ़ाने का एकमात्र स्थायी तरीका



रोजगार सृजन है। यदि वे अधिक कमाएंगे, तो वे अधिक खर्च करेंगे, जिससे अधिक उत्पादन, अधिक रोजगार तथा उच्च वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## मारुति ब्रेजा को प्रमोट करते दिखाई देंगे कार्तिक आर्यन

**मुंबई ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को अपनी प्रमुख कॉम्पैक्ट एसयूवी, मारुति ब्रेजा का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह घोषणा भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दौरान की गई। कार्तिक को ब्रेजा के साथ जोड़कर कंपनी ने युवाओं को आकर्षित करने और गाड़ी की डाइनैमिक इमेज को और मजबूत करने की रणनीति पर काम किया है। मारुति ब्रेजा को 2016 में लांच किया गया था, और यह तब से कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक प्रमुख खिलाड़ी बनी हुई है। अब तक इसकी 12 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। 2024 में 1,88,160 यूनिट्स की बिक्री के साथ ब्रेजा ने बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी का दर्जा हासिल किया। इसका मुकाबला टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू और किआ सोनेट जैसी गाड़ियों से है। ब्रेजा 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आती है, जो कि 101.64 बीएचपी पावर और 136.8 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। ब्रेजा में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्प मौजूद हैं। इसके साथ मारुति की स्मार्ट-हाइब्रिड तकनीक भी है, जो माइलेज और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रदर्शन को बेहतर बनाती है।




## अमेजान ने सात गोदाम बंद करने का किया ऐलान, 1700 नौकरियां खतरे में

**मुंबई ।** ऑनलाइन रिटेलर अमेजन ने कहा कि वह आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने सभी सात गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन का कहना है कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक उनके कस्टमर्स की बचत होगी। हालांकि, कनाडाई संघ ने अमेजन पर आरोप लगाया है कि उसने क्षेत्र में अपनी कोशिशों को रोकने के कारण गोदामों को बंद करने का निर्णय लिया है। संघ ने यह भी कहा कि उन्होंने एक गोदाम को सफलतापूर्वक संघबद्ध किया है। अमेजन के अनुसार, इस फैसले से ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां प्रभावित होंगी, जिनमें से 250 कर्मचारी अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा। अमेजन एक प्रवक्ता के मुताबिक ये फैसला यूं ही नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को एक पैकेज दिया जाएगा। इस पैकेज में सुविधाओं के बंद होने के बाद 14 हफ्ते तक का वेतन दिया जाएगा। साथ ही नौकरी प्लेसमेंट संसाधनों जैसे लाभ को भी इसमें शामिल किया गया है।

## स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर 33 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 33 प्रतिशत उछाल के साथ गुरुवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई तथा एनएसई पर शेयर की शुरुआत 120 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत की बढ़त दिखाता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई पर 999.42 करोड़ रुपये और एनएसई पर 999.50 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के ओ खिरी दिन पिछले सोमवार को 188.38 गुना अभिदान मिला था। रेफ्रिजरेंट्स आपूर्तिकर्ता स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का 199.45 करोड़ रुपये का आईपीओ 1.78 करोड़ नए शेयर और 43.02 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए 85-90 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था।

## वॉलमार्ट ने भारत की स्टार्टअप कंपनियों के साथ किया समझौता

**वाशिंगटन ।** खुदरा क्षेत्र की अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए शुरुआती स्तर के रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह कंपनी ने पुणे स्थित केबीकोल्स साइंसेज, चेन्नई स्थित ग्रीनपॉड लैब्स और बेंगलुरु स्थित क्रॉपिन के साथ सहयोग करने का निश्चय किया है। वॉलमार्ट के उपाध्यक्ष ने इस उद्देश्य को बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी नवाचार ही है जो वैश्विक स्तर पर मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों को प्रेरित करती है। यह साझेदारी समर्थन करने वाली यह स्टार्टअप कंपनियाँ वॉलमार्ट की आपूर्ति श्रृंखलाओं में नवाचार लाने में मदद करेंगी और वॉलमार्ट को उनके समाधानों की प्रेरणा मिलेगी। यह साझेदारी भारतीय बाजार में नए उद्यमियों के लिए एक बड़ी संधि की ओर कदम बढ़ाती है।




## इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश, दो बैटरी विकल्पों में उतारा

**मुंबई ।**

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में एथर एनर्जी ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर 450 एक्स का नया संस्करण पेश किया। स्कूटर में कई तकनीकी सुधार और फीचर अपग्रेड किए हैं, जो इस स्कूटर को पहले से ज्यादा आकर्षक और उपयोगी बनाते हैं। एक्सपो में पेश मॉडल इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एथर की मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए तैयार है। एथर 450 एक्स को दो बैटरी विकल्पों में उतारा गया है। 2.9 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 126 किलोमीटर की रेंज देता है, जबकि 3.7 किलोवॉट प्रतिघंटा बैटरी वाला वेरिएंट 161 किलोमीटर तक की रेंज देता है। इनकी कीमत क्रमशः 1.75 लाख और 1.85 लाख रखी गई है। स्कूटर में नया टच स्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जिससे यूजर्स को बेहतर इंटरफेस का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए सिम पोर्ट और एक विशेष इमरजेंसी बटन दिया है। यह बटन तीन बार दबाने पर राइडर की लाइव लोकेशन पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजता है, जो सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी सुविधा है। प्रो पैक वेरिएंट में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन, ऑटो-होल्ड और फाइंड माई स्कूटर जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूटर चार नए रंग विकल्पों–लूनर ग्रे, ट्रू रेड, हाइपर सैंड, और अन्य शेड्स में उपलब्ध होगा। डिजाइन में बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन सस्पेंशन ट्यूनिंग और एडवांस्ड राइडिंग मोड्स को बेहतर बनाया गया है। एथर 450 एक्स का यह नया संस्करण लंबी रेंज, प्रीमियम फीचर्स और सुरक्षा के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में एक नई दिशा तय करने के लिए तैयार है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही ऑटो, आईटी, सीमेंट और कुछ हेल्थकेयर स्टॉक्स में तेजी से आया है। इससे पहले गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान घरेलू कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम कमजोर रहने की आशंका व डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ शुल्क बढ़ाने की योजना से बाजार की तेजी पर कुछ हद तक अंकुश भी लग गया।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज करोबार के अंत में 115.39 अंक करीब 0.15 फीसदी बढ़कर 76,520 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 50 अंक तकरीबन 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,205 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्रा सीमेंट्स 7 फीसदी उछलकर बंद हुआ। जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी बढ़त रही।

वहीं पावर ग्रिड , कोटक बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, एलएन्डटी और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कमोडिटी शेयरों में जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में उत्साह का माहौल रहा।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो टोक्यो और शंघाई के बाजारों में बढ़त रही जबकि हांगकांग और सियोल के बाजार नीचे आये।

यूरोपीय बाजारों में भी बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस तेजी के साथ बंदु हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार




गिरावट में खुले हालांकि बाद में वापसी करते हुए शेयर बाजार हरे निशान में लौट गए।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 86.43 रुपये पर बंद हुआ। वहीं सुबह रुपया गुरुवार के कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 86.52 प्रति डॉलर पर आ गया। हालांकि, शेयर बाजार में तेजी आने से इसमें कुछ सुधार हुआ और यह बुधवार के बंद स्तर से पांच पैसे की गिरावट के साथ 86.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.35 पर बंद हुआ था।

# रिलायंस डिजिटल इंडिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल

मुंबई। रिलायंस डिजिटल ने भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल, 'डिजिटल इंडिया सेल' की वापसी की घोषणा की है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स की एक विशाल रेंज पर बेजोड़ छूट का वादा किया गया है. ग्राहक लीडिंग बैंक काड्र्स से खरीदारी करने पर ₹26000 तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं. यह ऑफर सभी रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स और अ ा ॅ न ा ल ा ा इ न ा www.relianedigital.in पर लागू है. इन-स्टोर शॉपर्स कई फाइनान्स विकल्पों में से विकल्प चुन सकते हैं, जिसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन पर ₹26000 तक का कैशबैक शामिल है। ग्राहक UPI का उपयोग करने पर एक्सेसरीज और छोटे अप्लायंसेस पर ₹1000 तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं. बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी में अपग्रेड करना इतना आसान कभी नहीं था! डिजिटल इंडिया सेल 26 जनवरी 2025 तक पूरे देश में लाइव है। लैपटॉप की तलाश कर रहे ग्राहक वर्क एंड लर्न कोर i3 रेंज में से अपनी पसंद का लैपटॉप चुन सकते हैं, जिसकी शुरूआती कीमत ₹26999* है, क्रिएटर कोर i5H रेंज ₹47599* से शुरू है और गेमिंग RTX 3050 रेंज ₹49999* से शुरू है. छोटी स्क्रीन का कमाल, यानी सैमसंग टैबलेट अ9+ ₹10999* से शुरू है। फ्लिप फोन के चाहने वाले




मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा 12GB / 512GB, इसे 2024 का बेस्ट फ्लिप फोन का अवॉर्ड मिला है, को केवल ₹69999* में खरीद सकते हैं, साथ ही ₹9999 कीमत वाले मोटो बड्स+ (साउंड बाय बोस) भी फ्री में पा सकते हैं। सिनेमा जैसे बेहतरीन अनुभव के लिए, 190 सेमी (75) 4K UHD टीवी, ₹59990* से शुरू है. बड़े स्क्रीन पर मनोरंजन देखने की चाहत रखने वालों के लिए है, 140 सेमी (55) टीवी, ₹27990* से शुरू, इसकी ईएमआई सिर्फ ₹1990 है. डॉल्बी डिजिटल साउंड-बार पर 50% तक छूट भी है। फिटनेस के शौकीन लोग




ऐप्पल वॉच सीरीज 10 को ₹38900* (बैंक कैशबैक और एक्सचेंज के बाद की कीमत - 24 से 26 जनवरी तक वैध) में खरीद सकते हैं। गर्मी से पाइए राहत, 1.5T 3 स्टार AC के साथ, ₹26990* से शुरू. खरीदें वॉशर ड्रायर ₹4849* प्रति माह से शुरू और घर ले जाइए ₹4990 कीमत वाला खइछ इळ स्पीकर फ्री. ₹47990* से शुरू होने वाले साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर के साथ अपने पुराने रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करें और खाने को ताजा रखें। ऑडियो सुनने वाले ₹899 से शुरू होने वाले 13 ड्राइवर वाले ट्रूली वायरलेस नॉन-ANC ईयरबड्स और ₹1499 से शुरू होने वाले 4 माइक और 40 घंटे के प्ले टाइम वाले ANC ईयरबड्स में से अपनी पसंद चुन सकते हैं। अपने घर को अपग्रेड करने का बिल्कुल सही समय आ गया है ! होम और किचन अप्लायंसेस से कोई भी 1 प्रोडक्ट खरीदने पर 5% की छूट, कोई भी 2 प्रोडक्ट खरीदने पर 10% की छूट और 3 या उससे ज्यादा प्रोडक्ट खरीदने पर 15% की भारी छूट का आनंद लें.

खास खबर

## फ्लिंटॉफ के बेटे ने लगाया शतक

**ब्रिस्बेन** । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने ऑस्ट्रेलिया दौरें में धमाकेदार शतक लगाया है। रॉकी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में इंग्लैंड लायंस की ओर से खेलते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ तेजी से शतक लगाया है। उन्होंने यह रिकार्ड ब्रिस्बेन में बनाया। रॉकी ने यहां 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 127 गेंदों पर 108 रन बनाये। उन्होंने अपनी इस पारी में 6 छक्के और 9 चौके लगाये। इस दौरान उनके पिता एंड्रयू फ्लिंटॉफ भी उपस्थित थे। वहीं इंग्लैंड लायंस का स्कोर 7 विकेट पर 161 रन था। इसके बाद रॉकी ने शानदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को 316 रन तक पहुंचाया। रॉकी इससे इससे पहले वाले मुकाबले में विफल रहे थे। तब उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ पहली पारी में 19 जबकि दूसरी पारी में 4 रन ही बनाए थे। इंग्लैंड लायंस वह मैच 7 विकेट से हार गई थी। रॉकी ने अब तक अपने करियर में 4 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 87 रन बनाए हैं। इसके अलावा रॉकी ने 7 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने एकमात्र अर्धशतक से 167 रन बनाए हैं।

## अंगूठे की चोट से उबरे कुहनेमन

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई। पिछले हफ्ते बिग बैश लीग (बीबीएल) के मुकाबले के दौरान कुहनेमन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन वर्तमान में, वह गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने क्षेत्ररक्षण करते हुए कुछ कैच भी लपके। गुरुवार को ब्रिसबेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद, कुहनेमन श्रीलंका में आगामी दो मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने के प्रति आशावादी हैं। कुहनेमन के साथ विक्टोरियन बल्लेबाज ओलिवर पीक भी शामिल होंगे,18 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने पिछली गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी, ने पिछले सप्ताह मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए हीट के खिलाफ अपना बीबीएल डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने 19 रन बनाए थे। कुहनेमन की रिकवरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को दाएं हाथ के नाथन लियोन और टॉड मर्फी के बाद पसंदीदा चयन विकल्प माना जा रहा है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में भारत के अंतिम उपमहाद्वीप दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, संभावित चार टेस्ट मैचों में से तीन खेले और इंदौर में ऑस्ट्रेलिया की जीत की पहली पारी में पांच विकेट लिए। लेकिन कुहनेमन को टीम में शामिल करने की मंजूरी कूपर कोनोली की 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की सीरीज में चौंकाने वाला टेस्ट डेब्यू करने की उम्मीदों को झटका दे सकती है।

## सिद्धार्थ ने 9 विकेट लेकर बनाया रिकार्ड

**मुम्बई।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सत्र में गुजरात के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने सबसे ज्यादा विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। सिद्धार्थ ने उत्तराखंड के खिलाफ चल रहे मुकाबले में 9 विकेट लिए विरोधी उसे केवल 111 रनों पर ही आउट कर दिया। सिद्धार्थ ने केवल 36 रन देकर 9 विकेट लिए। वह हालांक 10 नहीं ले पाये। देसाई ने 15 ओवर में 5 मेडन फेंकते हुए 2.40 के इकोनॉमी रेट से रन दिए। यह रणजी ट्रॉफी इस वर्तमान सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्पैल है। यह गुजरात के एक गेंदबाज के लिए भी सबसे अच्छा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड राकेश ध्रुव के नाम था, जिन्होंने साल 2012 में सौराष्ट्र के खिलाफ 31 रन देकर 8 विकेट लिए थे। एक पारी में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के मामले में देसाई से अब केवल दो खिलाड़ी अंशुल कंबोज और अंकित चव्हाण हैं। अंशुल ने 10 विकेट लिए थे जबकि अंकित ने 23 रन देकर 9 विकेट लिए थे।

# जडेजा की शानदार गेंदबाजी से सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया

एजेंसी

नई दिल्ली । रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन के खेल में ही 10 विकेट से दिल्ली पर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में दिल्ली की ओर से खेल रहे ऋषभ पंत भी दोनो ही पारियों में विफल रहे। ऋषभ दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। इस मैच में जडेजा ने कुल 12 विकेट लिए।



दिल्ली ने आयुष बदोनी के 60 रनों की सहायता से पहली पारी में सिर्फ 188 रन बनाए थे। ऋषभ पहली पारी में 1 रन बनाकर धर्मेंद्र सिंह जडेजा की गेंद पर पेवेलियन लौटे। वहीं पहली पारी में सौराष्ट्र ने हार्विक देसाई की शानदार 93 रन की पारी की सहायता से 271 रन बनाए। इस प्रकार उसे 83 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में दिल्ली की टीम केवल 94 रन ही बना पायी। ऋषभ ने इस पारी में 26 गेंदों में 17 रन बनाये। वह रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। ऋषभ के अलावा दिल्ली के लिए सबसे अधिक रन आयुष बदोनी ने 44 बनाए। दिल्ली ने सौराष्ट्र को 11 रन का लक्ष्य दिया जिसे सौराष्ट ने 3.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में कुल 5 विकेट अपने नाम किए थे वहीं, दूसरी पारी में 7 विकेट अपने नाम किए। इस तरह उन्होंने कुल 12 विकेट लिए।

# इंडोनेशिया मास्टर्स : क्वार्टर फाइनल में पहुंचे चीनी शटलर

एजेंसी

**जकार्ता।** चीनी शटलर गुरुवार को जकार्ता के इस्तोरा सेनयान स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 2025 इंडोनेशिया मास्टर्स में चार श्रेणियों में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। चीन की दुनिया की 10वें नंबर की मिश्रित युगल जोड़ी गुओ शिनवा और चेन फांगहुई ने चीनी ताइपे की चेन चेंग कुआन और ह्सू यिन-हुई को मात्र 29 मिनट में 21-10, 21-18 से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में गुओ और चेन का सामना हमवतन चेंग जिंग और झांग ची से होगा, जिन्होंने साथी चीनी जोड़ी गाओ जियाक्सुआन और वू मेंगिंग पर 21-18, 18-21, 21-7 से जीत हासिल की। पुरुष युगल में, जी हाओनान और जेंग वेहान ने मलेशिया के टैन वी कियोंग और नूर मोहम्मद अज़ियन अयूब पर 21-16, 21-14 से जीत हासिल की। इस बीच, महिला युगल में, जिया यिफान



और झांग शुक्सियन ने अपनी टीम के साथी ली यिजिंग और लुओ जुमिन को 21-11, 21-19 से हराकर अपना दबदबा दिखाया। पुरुष एकल में, चीन के विश्व नंबर 1 शि यूकी ने दक्षिण कोरिया के जियोन ह्योक-जिन पर 21-11, 21-14 से सीधी जीत हासिल की। अब शी का सामना हमवतन वेंग होंगयांग से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे के ची यू-जेन को 21-10, 21-11 से हराया। इसके अलावा, ली शिफेंग ने कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे सेटों में हराया और अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई से भिड़ेंगे। 2025 इंडोनेशिया मास्टर्स रविवार तक चलेगा।

# पीयर्स-गेडेकी की जोड़ी ने जीता मिश्रित युगल खिताब

एजेंसी

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की जोड़ी ने शुक्रवार को मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया है। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन किम्बर्ली बिरेल और जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी को 3-6, 6-4, 10-6 से हराया।

बिरेल और स्मिथ ने रॉड लेवर एरिना में शुरूआती सेट में 3-0 की बढ़त हासिल की और आसानी से 6-3 से पहला सेट जीत लिया। गेडेकी और पीयर्स ने इसके बाद दूसरे सेट में कड़ी




टक्कर दी और मुकाबले को बराबरी पर लाते हुए सेट 6-4 से अपने नाम किया। तीसरे सेट में भी कड़ी टक्कर हुई और अंत में गेडेकी-पीयर्स ने टाइब्रेक में सेट 10-6 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। यह गैडेकी का ग्रैंड स्लैम में पहला मिश्रित युगल खिताब था, जबकि पीयर्स ने इस श्रेणी में 2022 यू.एस. ओपन जीता था और यह उनका दूसरा खिताब है।

36 वर्षीय खिलाड़ी पीयर्स ने हमवतन मैथ्यू एबडेन के साथ पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल स्वर्ण और फिन हेनरी कोंटिनेन के साथ 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता है।

शुक्रवार का मैच ओपन युग में टूर्नामेंट का पहला ऑल-ऑस्ट्रेलियाई फाइनल था। इसके अलावा यह ऑस्ट्रेलियन ओपन का 14वां संस्करण भी है, जहां किसी घरेलू खिलाड़ी को कम से कम एक श्रेणी में चैंपियन का ताज पहनाया गया।

# धोनी ने दोस्त की नई कार पर दिया ऑटोग्राफ

एजेंसी

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने अलग ही अंदाज के लिए जाने जाते हैं। धोनी अपने दोस्तों के साथ भी कई बार समय बिताते हुए दिखते हैं। धोनी ने अब अपने दोस्त की नई कार पर अपना ऑटोग्राफ दिया। धोनी के दोस्त कुणाल षाड़ंगी नई महिंद्रा थार खरीदकर धोनी के फार्म हाउस जा पहुंचे। धोनी ने उनकी नई कार की सीट पर ऑटोग्राफ देकर उनकी खुशी और बढ़ा दी। धोनी के दोस्त ने इसके तस्वीरें भी साझा की हैं। धोनी के इस अंदाज से महिंद्रा समूह



के प्रमुख आनंद महिंद्रा भी अभिभूत हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, एक कार अक्सर वह कैनवास होती है, जिस पर हम दुनिया घूमने और जीवन को खोजने की अपनी आकांक्षाएं चित्रित करते हैं और यह थार रॉक्स उस शख्स के हस्ताक्षर से सज गई, जो आर्ट ऑफ लिविंग में निपुण है। धोनी इससे पहले भी वह कई बार अपने प्रशंसकों और करीबियों की गाड़ियों पर ऑटोग्राफ देते रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में स्वियातेका और सबालेंका होंगी आमने-सामने

एजेंसी

**मेलबर्न।** पोलैंड की इगा स्वियातेका हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनामेंट के महिला एकल से बाहर हो गयी हैं] वहीं अमेरिका की मैडिसन कीज फाइनल में पहुंच गयी हैं। स्वियातेका को सेमीफाइनल में कीज ने 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से हराया। अब शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में स्वियातेका कर मुकाबला। शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने इससे पहले एक अन्य मुकाबले में 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6-4, 6-2 से हराया था।

स्वियातेक को हराने से उत्साहित कीज ने कहा कि उन्हें अभी तक जीत का भरोसा नहीं हुआ है।



सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद तीन बार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। हिंगिस ने साल 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। वहीं अमेरिका की सेरेना विलियम्स भी साल 2015 से 2017 तक तीन बार इसके फाइनल में पहुंची हैं।

## इंडोनेशिया मास्टर्स में हारे लक्ष्य सेन

**जकार्ता।** यहां खेले जा रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा है। एकल में स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को जापान के केंटा निशिमोटो ने एक घंटे से भी कम समय में 16-21 21-12 21-23 से हराया। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को थाईलैंड के किटिनुपोंग केद्रेन और देचापोल पुआवारानुक्रोह की जोड़ी के हाथों 20-22 21-23 से हार झेलनी पड़ी। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत की की ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी भी हार के साथ ही बाहर हो गयी। ध्रुव और तनीषा को मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी ने 21-18 15-21 19-21 से पराजित किया।

# राष्ट्रीय खेलों में झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज और अंतर्राष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार को विशेष जिम्मेदारी

एजेंसी

**रांची।** उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में वॉलीबॉल स्पर्धा के लिए झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज को बीच वॉलीबॉल स्पर्धा की कंट्रोल कमिटी के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उनकी संगठनात्मक कुशलता और खेल प्रबंधन के अनुभव को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई है। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेफरी संजय कुमार को वॉलीबॉल स्पर्धा के सफल संचालन हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट रेफरी सेवाओं से वॉलीबॉल खेल में अपनी पहचान बनाई है। राष्ट्रीय



खेल आयोजन समिति ने इन दोनों व्यक्तियों की क्षमताओं पर विश्वास जताते हुए कहा कि इनकी नियुक्ति से स्पर्धा का संचालन न केवल सुचारू होगा, बल्कि खिलाड़ियों और दर्शकों के अनुभव को भी बेहतर बनाया जाएगा। यह उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के लिए एक गर्व का क्षण है, क्योंकि इन दोनों विशेषज्ञों की उपस्थिति खेल की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को नए आयाम देगी। उनके इस उपलब्धी पर गर्व व्यक्त करते हुए संघ के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय,सचिव शेखर बोस,वरीय उपाध्यक्ष किरण थाम्पकिंसन, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष - उत्तम राज, संजय ठाकुर, सहित निदेशक , खेल एवं युवा कार्य विभाग श्री संदीप कुमार, ज़िला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार, देवाशीष कुमार झा, सूरज प्रकाश लाल, संजय कुमार , सुनिर्मल बोस, भोला प्रताप सिंह, विकास वर्मा, उपेन्द्र सिंह, सेतांक सेन ,विश्वजीत नन्दी,बापी, दुर्गा जौहरी, डॉ.सीके ठाकुर, हिसाबी राय, कल्याण श्रीवास्तव, राजीव रंजन मिश्रा,आशीष झा, नवीन कुमार शर्मा, सूरज प्रकाश लाल, मुनव्वर आलम, राकेश सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मो. अनवर, गोपाल राम, जी. मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय गुप्ता, दीपक कुमार, गणेश चौबे, मनोज कुमार, मो. जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी, रामकुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार,भास्कर राव, राजीव मिश्रा, सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनायें दी।

# जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की खिलाड़ियों ने हॉकी स्टार निक्की प्रधान के घर का किया दौरा

एजेंसी

**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की खिलाड़ियों ने, जिनमें डच खिलाड़ी मारिया वर्स्चूर, भारतीय टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता, और उभरती युवा प्रतिभाएँ ज्योति और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे, झारखंड की हॉकी स्टार निक्की प्रधान के घर का दौरा किया। यह दौरा angaing वुमनस हीरो हॉकी इंडिया लीग के दौरान, उनके विश्राम के दिन, मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची में हुआ। खिलाड़ियों का स्वागत निक्की प्रधान के परिवार ने बड़े गर्मजोशी से किया। उन्होंने अपनी कहानियाँ और सांस्कृतिक परंपराएँ साझा कीं, जिससे उनकी जिंदगी और निक्की की अद्भुत हॉकी यात्रा में उनके मजबूत



समर्थन प्रणाली की झलक मिली। जेएसडब्ल्यू सूरमा टीम का यह दौरा हॉकी जगत में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से परे की एकता और भाईचारे को उजागर करता है। भारतीय टीम की अनुभवी खिलाड़ी सविता ने कहा, निक्की ने कई युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम किया है, और उनके परिवार से मिलकर यह समझने का मौका मिला कि उन्हें एक सितारा खिलाड़ी बनाने में उनकी नींव कितनी महत्वपूर्ण रही है। युवा खिलाड़ियों ज्योति और वैष्णवी ने भी इस अनुभव को संजोते हुए कहा कि इस तरह के क्षण टीम बॉन्डिंग को बढ़ावा देते हैं और भारत में खेल के सांस्कृतिक महत्व के प्रति उनके दृष्टिकोण को समृद्ध करते हैं। निक्की के घर जाकर और उनके परिवार से मिलकर यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा। ऐसे पल हमें मैदान से परे खेल के गहरे संबंधों की याद दिलाते हैं, उन्होंने जोड़ा। निक्की प्रधान ने भी अपने परिवार की खुशी और गर्व व्यक्त करते हुए कहा, खरह सूरमा हॉकी क्लब की खिलाड़ियों का हमारे घर में स्वागत करना सम्मान की बात है। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक परिवार की तरह एक साथ देखना सचमुच दिल को छू लेने वाला है।

# एमसीए का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के नाम अब एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के अवसर पर एमसीए ने 14,505 गेंदों के साथ ही सबसे बड़ा वाक्य बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है। इससे एमसीए का नाम गिनीज बुक में दर्ज हो गया है। एमसीए ने सबसे बड़े वाक्य के लिए 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल किया। वानखेड़े स्टेडियम देश के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक मान जाा है और इसमें से कई स्टार खिलाड़ी निकले हैं। इसी स्टेडियम में भारत ने दूसरी बार विश्वकप अपने नाम किया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि



हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य ह्यफिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम बनाकर ह्यगिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि वानखेड़े में पहले टेस्ट मैच की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह अविश्वसनीय उपलब्धि स्वर्गीय एकनाथ सोलकर और मुंबई के अन्य पूर्व खिलाड़ियों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने पूर्व में मुंबई क्रिकेट के लिए समर्पित होकर खेला है। यह रिकॉर्ड 1975 में 23 से 29 जनवरी तक भारत और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की सालगिरह पर बनाया गया। सोलकर ने इस मुकाबले में शतक बनाया था। एसमीए ने कहा कि एमसीए इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए इस्तेमाल की गई गेंदों को शहर के स्कूलों, क्लबों और गैर सरकारी संगठनों के उभरते हुए क्रिकेटरों को देगा जिससे उन्हें भी बेहतर प्रदर्शनक की प्रेरणा मिल सके।

# आईसीसी की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित

▸ भारत-ऑस्ट्रेलिया का कोई क्रिकेटर शामिल नहीं

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के किसी क्रिकेटर के शामिल नहीं होने से सभी हैरान हैं। इस टीम में श्रीलंका के चार खिलाड़ी और अफगानिस्तान और पाकिस्तान के तीन-तीन क्रिकेटरों को जगह मिली है श्रीलंका के चरित असलंका को इसका कप्तान बनाया गया है।

आईसीसी ने शुक्रवार 24 जनवरी को यह टीम जारी की। इस टीम में पाकिस्तान की टीम के सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ को शामिल किया गया है



जबकि अफगानिस्तान से रहमानुल्लाह गुरबाज, अजमतुल्लाह ओमरजई और अल्लाह गजनफर को जगह मिली है। वहीं इसमें श्रीलंका के चार खिलाड़ियों पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका और वानिंदु हसरंगा को भी शामिली किया गया है जबकि वेस्टइंडीज से शेरफेन रदरफोर्ड को इसमें जगह मिली है।

इसके कप्तान बनाये गये असलंका अगस्त 2024 में भारत के खिलाफ टीम को मिली जीत के समय श्रीलंका के कप्तान थे। उन्हें आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 का कप्तान बनाया गया है। वहीं 17 मैचों में 742 रन बनाकर श्रीलंका के कुसल मेंडिस ने 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारतीय टीम ने साल 2024 में केवल तीन वनडे मैच खेले, जिसके कारण कोई भी भारतीय खिलाड़ी आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 में जगह नहीं बना पाया। भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड का भी कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है। आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024: चरित असलंका (श्रीलंका), सैम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्ट इंडीज), अजमतुल्लाह ओमरजई (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), अल्लाह गजनफर (अफगानिस्तान)।



मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में खेल के दौरान अमेरिका की मेडिसन केई उत्साहित होती हुई।

# घर में सुख-शांति और सकारात्मकता के लिए रखें भगवान हनुमान की खास तस्वीरें!

**हमारे घरों में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने के लिए वास्तु शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं। इन्हीं उपायों में भगवान हनुमान जी की तस्वीरें भी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। हनुमान जी को संकटमोचक कहा जाता है, और उनकी पूजा से न केवल कठिनाइयों का नाश होता है, बल्कि घर में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता भी बनी रहती है।**

मानसिक शांति और क्रोध पर नियंत्रण के लिए

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में मानसिक शांति बनी रहे और घर के सदस्यों का क्रोध नियंत्रण में रहे, तो हनुमान जी की ध्यान मुद्रा वाली तस्वीर घर के उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। हनुमान जी की इस तस्वीर को देखकर मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। ध्यान मुद्रा में हनुमान जी का चित्र आत्मसंयम और शांति का प्रतीक है। यह चित्र आपको धैर्यवान और शांतचित्त रहने में मदद करता है।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए

अगर घर के सदस्यों को बार-बार स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो हनुमान जी की वह तस्वीर लगाएं जिसमें वे संजयवनी बूटी ले जाते हुए दिखाई देते हैं। यह तस्वीर भी घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगानी चाहिए। यह न केवल घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी दूर करती है। यह चित्र स्वस्थ जीवन और बल का प्रतीक है।

### बुरी शक्तियों और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के लिए





अगर आप अपने घर को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों से बचाना चाहते हैं, तो पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं। पंचमुखी हनुमान जी की यह तस्वीर सुरक्षा और शक्ति का प्रतीक मानी जाती है। इसे घर में लगाने से घर पर कोई भी नकारात्मक शक्ति प्रभाव नहीं डालती और घर का हर सदस्य सुरक्षित महसूस करता है। यह चित्र शत्रुओं से बचाने और जीवन में साहस बनाए रखने में भी मदद करता है।

### धन और समृद्धि के लिए

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में धन और समृद्धि बनी रहे, तो सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण दिशा में लगाएं। सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर से घर में धन का प्रवाह बना रहता है और सभी कार्यों में सफलता मिलती है। यह तस्वीर जीवन में प्रगति और समृद्धि का प्रतीक है।

### तस्वीरें लगाने में ध्यान रखने योग्य बातें

1. तस्वीर को साफ-सुथरी जगह पर लगाएं और उसके आस-पास गंदगी न रखें।
2. हनुमान जी की तस्वीर को रोजाना प्रणाम करें और अगर संभव हो तो दीपक जलाएं।
3. तस्वीर को हमेशा सकारात्मक भावना और श्रद्धा के साथ लगाएं।
4. तस्वीर को ऐसी जगह पर लगाएं जहां हर कोई आसानी से देख सके और वह दिशा वास्तु के अनुसार सही हो।

भगवान हनुमान की तस्वीरें केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखतीं, बल्कि वास्तु और सकारात्मक ऊर्जा के दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। अगर आप इन तस्वीरों को सही दिशा और सही भावना के साथ अपने घर में लगाते हैं, तो यह आपके जीवन में सुख-शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और सुरक्षा लाने में मददगार साबित होगी।

# सीढ़ियों के नीचे की जगह का करें स्मार्ट इस्तेमाल

## इंटीरियर डिज़ाइनर के खास टिप्स



**घर में जगह का सही उपयोग करना हर इंटीरियर डिज़ाइनर की प्राथमिकता होती है। अक्सर घरों में सीढ़ियों के नीचे की जगह खाली पड़ी रहती है, जिसे कई लोग नज़रअंदाज कर देते हैं। लेकिन, यह जगह न केवल आपकी जरूरतों को पूरा करने का, बल्कि आपके घर को और आकर्षक बनाने का मौका भी देती है। अगर आप भी अपने घर की सीढ़ियों के नीचे के कोने को उपयोगी और स्टाइलिश बनाना चाहते हैं, तो ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं।**

### स्टोरेज एरिया बनाएं

सीढ़ियों के नीचे स्टोरेज एरिया बनाना सबसे आम और उपयोगी विकल्प है। आप इस जगह पर अलमारियां या कैबिनेट्स डिज़ाइन करवा सकते हैं। यह जगह जूतों, किताबों, या अन्य सामान को व्यवस्थित रखने के लिए परफेक्ट है। स्लाइडिंग दरवाजों के साथ मॉड्यूलर स्टोरेज डिजाइन इसे और भी फंक्शनल बना सकता है।

### मिनी लाइब्रेरी या बुकशेल्फ का सेटअप करें

अगर आप किताबों के शौकीन हैं, तो सीढ़ियों के नीचे की जगह को मिनी लाइब्रेरी में बदल सकते हैं। दीवार पर फिटेड बुकशेल्फ डिज़ाइन करवाकर आप न केवल अपने घर को स्टाइलिश बना सकते हैं, बल्कि किताबों को व्यवस्थित रखने का बेहतरीन समाधान भी पा सकते है।

### वर्कस्पेस या होम ऑफिस

आज के समय में वर्क फ्रॉम होम आम हो गया है। सीढ़ियों के नीचे का कोना एक कॉम्पैक्ट होम ऑफिस के लिए एकदम सही हो सकता है। यहां एक टेबल, कुर्सी और कुछ शेल्फ लगाकर आप इसे एक कार्यक्षेत्र में बदल सकते हैं। अच्छी रोशनी और दीवारों पर पिनबोर्ड या सजावट से इसे और भी आकर्षक बनाएं।

### रीडिंग नूक (आरामदायक कोना)

आराम से बैठकर पढ़ने या चाय का आनंद लेने के लिए सीढ़ियों के नीचे एक छोटा सा रीडिंग नूक बनाया जा सकता है। इसके लिए एक छोटा सोफा, कुशन और साइड टेबल काफी होंगे। यह जगह परिवार और दोस्तों के लिए भी आरामदायक बन सकती है।

### मिनी गार्डन या प्लांट डिस्प्ले

अगर आप हरियाली पसंद करते हैं, तो सीढ़ियों के नीचे की जगह को मिनी गार्डन में बदल सकते हैं। यहां छोटे गमले, सुकुलेंट्स और दीवार पर हैंगिंग प्लांट्स लगाकर इसे एक आकर्षक ग्रीन स्पेस में तब्दील करें। सही लाइटिंग और वॉटरप्रूफिंग का ध्यान रखें।

### बच्चों के खेलने की जगह

सीढ़ियों के नीचे बच्चों के लिए एक छोटा प्ले जोन डिजाइन किया जा सकता है। यहां कुशन, खिलौनों के बॉक्स और दीवार पर सजावटी पेंटिंग्स से इसे उनके लिए मजेदार और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

### पालतू जानवरों के लिए कोना

अगर आपके पास पालतू जानवर हैं, तो सीढ़ियों के नीचे का स्पेस उनके लिए एक आरामदायक कोना बन सकता है। यहां उनका बिस्तर, खाने के बर्तन और खिलौने रखे जा सकते हैं। यह उन्हें उनकी खुद की एक जगह देने का शानदार तरीका है।



### वाइन स्टोरेज या बार काउंटर

अगर आप वाइन कलेक्टर हैं या दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं, तो सीढ़ियों के नीचे वाइन स्टोरेज या मिनी बार काउंटर डिज़ाइन कर सकते हैं। यहां एक स्टाइलिश कैबिनेट और काउंटर लगाकर इसे एक आकर्षक एंटरटेनमेंट स्पेस बनाया जा सकता है।

### डिस्प्ले यूनिट या गैलरी

सीढ़ियों के नीचे एक डिस्प्ले यूनिट बनाकर आप अपने घर की खासियत को बढ़ा सकते हैं। इसमें आर्ट पीस, पारिवारिक तस्वीरें या सजावटी सामान रख सकते हैं। सही लाइटिंग के साथ यह कोना आपके मेहमानों का ध्यान खींचने वाला बन जाएगा।

### छोटे गेस्ट रूम का विकल्प

अगर आपके घर में जगह की कमी है, तो सीढ़ियों के नीचे एक छोटे गेस्ट रूम का सेटअप किया जा सकता है। यहां एक सिंगल बेड और कुछ जरूरी फर्नीचर रखकर इसे आरामदायक बनाया जा सकता है।

सीढ़ियों के नीचे की जगह को सही तरीके से उपयोग करके आप न केवल अपने घर को व्यवस्थित रख सकते हैं, बल्कि इसे एक नया और आकर्षक रूप भी दे सकते हैं। चाहे स्टोरेज हो, रीडिंग नूक, मिनी गार्डन या होम ऑफिस, आपके घर की इस अनदेखी जगह को स्मार्ट डिज़ाइन से काम में लाने के ढेरों विकल्प हैं। एक इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में मेरा मानना है कि हर इंच का सही उपयोग करना न केवल व्यावहारिक है, बल्कि आपके घर की सुंदरता और आरामदायकता को भी बढ़ाता है।

तो अगली बार अपने घर को डिजाइन करते समय सीढ़ियों के नीचे की जगह को भी एक नई पहचान दें!



**1. स्टोरेज एरिया बनाएं**

- एक स्मार्टली डिज़ाइन किया हुआ मॉड्यूलर स्टोरेज, जिसमें स्लाइडिंग दरवाजे हैं।
- दिखाएं कि जूतों और किताबों के लिए अलग-अलग खांचे किस तरह उपयोग किए जा सकते हैं।

**2. मिनी लाइब्रेरी या बुकशेल्फ**

- दीवार पर फिटेड बुकशेल्फ के साथ एक स्लीक डिजाइन।
- किताबों के साथ कुछ डेकोरेटिव आइटम्स, जैसे छोटे प्लांट्स या फोटो फ्रेम।

**3. वर्कस्पेस या होम ऑफिस**

- एक कॉम्पैक्ट टेबल और कुर्सी के साथ वॉल-माउंटेड शेल्फ।
- लैपटॉप, पिनबोर्ड, और सुंदर वॉल डेकोर के साथ वर्कस्पेस का सेटअप।

**4. रीडिंग नूक (आरामदायक कोना)**

- एक छोटी बेंच या सोफा, जिसमें कुशन और साइड में लैंप रखा हो।
- आरामदायक सेटअप, जिसमें किताबें और एक कॉफी मग रखा हो।

**5. मिनी गार्डन या प्लांट डिस्प्ले**

- सीढ़ियों के नीचे छोटे गमले, सुकुलेंट्स और हैंगिंग प्लांट्स का डिस्प्ले।
- वुडन पैनल्स और लाइटिंग के साथ ग्रीनरी को सजाते हुए।

**6. बच्चों के खेलने की जगह**

- छोटे कुशन, खिलौनों का बॉक्स और रंग-बिरंगी दीवारें।
- बच्चों के खेलने के लिए एक मस्तीभरा कोना।

**7. पालतू जानवरों के लिए कोना**

- सीढ़ियों के नीचे पालतू जानवरों का बिस्तर और उनके खाने-पीने की चीजें व्यवस्थित तरीके से।
- उनकी पसंदीदा चीजों जैसे खिलौनों और चबाने वाली हड्डियों को भी शामिल करें।

**8. वाइन स्टोरेज या बार काउंटर**

- स्टाइलिश वाइन रैक और बार काउंटर।
- ग्लास होल्डर्स और बैकलिट लाइटिंग के साथ एलिगेंट लुक।

ये भी पढ़ें- ङ्क्षह्यह्लह्व अद्बश्वह्य- घर में इन जगहों पर भूलकर भी न रखें पैसे, हो सकती है धन हानि

**9. डिस्प्ले यूनिट या गैलरी**

- आर्ट पीस और तस्वीरों के साथ वॉल-माउंटेड डिस्प्ले यूनिट।
- स्पॉटलाइट्स के साथ हर डिस्प्ले को हाइलाइट करते हुए।

**10. छोटे गेस्ट रूम का विकल्प**

- सिंगल बेड और वॉल-माउंटेड फर्नीचर के साथ एक कॉम्पैक्ट गेस्ट रूम।
- हल्के रंगों और अच्छे लाइटिंग से इसे अधिक खुला और आरामदायक दिखाएं।



# वैलेंटाइन डे पर फिर से रिलीज होगी ऑरेंज

**पैन इंडिया स्टार राम चरण इन दिनों अपनी फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2010 में रिलीज हुई राम की फिल्म ऑरेंज को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है।**

ग्लोबल स्टार राम चरण ने कथित तौर पर कई मौकों पर बताया है कि ऑरेंज उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। भले ही यह व्यावसायिक रूप से असफल रही हो। 2010 की रोमांटिक ड्रामा ऑरेंज को इस वैलेंटाइन डे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में वापस लौट रही है। ऑरेंज 2010 की भारतीय तेलुगु भाषा की एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे भास्कर ने लिखा और निर्देशित और के. नागा बाबू द्वारा निर्मित है। फिल्म में राम चरण तेजा , जेनेलिया और शाजान पद्मसी ने अहम भूमिका निभाई है जबकि प्रभु और प्रकाश राज सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म, जिसका संगीत हैरिस जयराज ने तैयार किया था और 26 नवंबर 2010 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन समय के साथ एक कल्ट फिल्म बन गई। इसे 2011 में तमिल में राम चरण के रूप में और इसका मलयालम डब संस्करण है, जो 18 अप्रैल 2012 को रिलीज किया गया।

### गेम चेंजर हुई फ्लॉप

राम चरण की गेम चेंजर भी बॉक्स ऑफिस पर फेल होती नजर आ रही है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये के कलेक्शन से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई लगातार घटती गई। पहले हफ्ते फिल्म ने कुल 117 करोड़ 65 लाख रुपये। फिल्म ने 12वें दिन महज 9 लाख रुपये का कलेक्शन किया और बुधवार को 13वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 8 लाख रुपये में सिमट कर रह गया। वहीं आज की बात करें तो 14वें दिन फिल्म ने अभी तक 19 लाख रुपये की कमाई की है, जो पूरे दिन के हिसाब से बदल सकता है। कुल मिलाकर गेम चेंजर की अभी तक कमाई 128 करोड़ 29 लाख रुपये हो गई है।



# सामंथा ने बताया इस ट्रिक को फॉलो कर बुरे वक्त से निकलीं

साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी कुछ टिप्स शेयर की हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन की परेशानियों से निपटने में मदद की। सामंथा अपने तलाक और फिर बीमारी को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। हाल ही में सामंथा को सिटाडेल हनी बनी में देखा गया।

### इस टिप को करती हैं फॉलो

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से एक छोटा सा रिचुअल या ट्रिक जरूर फॉलो करती हैं, जिसने उन्हें कुछ सबसे मुश्किल पलों से बाहर निकाला है।

### दी फैंस को सलाह

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि अगर आपको लिखना आता है और आपको लिखना पसंद है, तो हमेशा उन तीन चीजों के बारे में लिखें, जिसने आपको उस दिन खास बने रहने में मदद की। बस आपको ईमानदारी से काम करना चाहिए।

### खुद को कहें धन्यवाद

अपने मन की बातें अपने दोस्त से कहें जो आपको सुनता है। कभी-कभी, अपने दिल में एक शांत धन्यवाद के साथ बैठना भी पर्याप्त होता है। यह छोटा सा अभ्यास आपको बेहतर महसूस करवाने में मदद करेगे। इसे आजमा के देखें, चीजें जरूर बदलेंगी सामंथा ने अपने फैंस से फीडबैक भी मांगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करके देखें और मुझे बताएं कि आपको कैसा महसूस हुआ। साथ ही आज आप किस बात को सोच कर आभारी महसूस कर सकते हैं।

### सिटाडेल में नजर आई सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु पिछले साल सिटाडेल हनी बनी में नजर आई। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। वहीं, सामंथा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत चर्चा में रहीं। सामंथा की बीमारी को लेकर भी उनके सह कलाकार वरुण धवन ने बात की।



# बिना शादी के अकेले जिंदगी बिताना चाहती हैं शिल्पा शिंदे

बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया वो शादी नहीं करना चाहती और पूरी जिंदगी अकेले बिताना पसंद करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सही इंसान मिला, तो जरूर शादी कर लेंगी। एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने टेली टॉक को दिए इंटरव्यू के दौरान अपने मैरिज प्लान को लेकर बातचीत की है। एक्ट्रेस ने कहा- मैंने अपने आप को कभी ब्लॉक नहीं किया कि मुझे अकेला ही रहना है। मैंने ये भी नहीं सोचा कि मुझे किसी से शादी ही करनी है। अगर मुझे लगता है कि कोई सही इंसान मिला, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी। शिल्पा शिंदे ने आगे बताया- मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो लिविंग रिलेशनशिप में रहने के बाद भी उसे रिलेशनशिप का नाम ना दे। अगर ऐसा कोई रिश्ता है तो उसे एक नाम देना चाहिए, लेकिन यह नहीं मानती कि शादी सबकुछ है। आज कल लोग शादी का मतलब ही नहीं समझते। पति-पत्नी के बीच काम्पिटिशन शुरू हो गया है। बता दें कि शिल्पा शिंदे की टीवी एक्टर रोमित राज संग सगाई हुई थी, हालांकि कुछ समय बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए। शिल्पा और रोमित राज की मुलाकात सीरियल मायका (2007-2009) के दौरान हुई थी। रोमित उम्र में शिल्पा से तीन साल छोटे थे। दोनों में प्यार हुआ और फिर 2009 में दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने 29 नवंबर 2009 को गोवा में शादी करने का फैसला किया था, लेकिन शादी से दो दिन पहले ही शिल्पा ने शादी न करने का फैसला किया था।

### राहिल आजम के साथ भी जुड़ा था नाम

इससे पहले शिल्पा शिंदे का नाम राहिल आजम के साथ जुड़ा था। राहिल और शिल्पा ने सबसे पहले सीरियल भाभी (2002-2008) में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों सीरियल हातिम (2003) में भी नजर आए थे। कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों आपसी सहमति से अलग हो गए थे।



# एक साथ फिल्माई जाएंगी मिर्जापुर फिल्म और सीरीज

## इस दिन से शूटिंग शुरू करेंगे पंकज त्रिपाठी-अली फजल

पिछले साल अक्तूबर में निर्माताओं ने मिर्जापुर- द फिल्म की घोषणा की, जिससे लोकप्रिय क्राइम ड्रामा पहली ओटीटी सीरीज बन गई, जिसे एक फिल्म के रूप में भी बनाया जाएगा। वहीं, अब इस सीरीज की शूटिंग को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा अभिनीत सीरीज के चौथे सीजन की शूटिंग सितंबर 2025 से एक साथ की जाएगी।

### एक साथ ले ली गई सभी कलाकारों की तारीखें

एक फिल्म और एक सीरीज को एक साथ शूट करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माताओं ने यह मानते हुए योजना बनाई कि कथात्मक में निरंतरता होगी। साथ ही तारीखों का भी अच्छी तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। दिव्येंदु, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल और विजय वर्मा सहित अभिनेताओं से पहले ही बल्क डेट्स ले ली गई हैं। टीम उनकी तारीखों को सही तरीके से इस्तेमाल करने की योजना बनाने में कामयाब रही है, चूंकि उनसे बार-बार तारीखें लेना समझदारी नहीं है, इसलिए निर्माताओं ने दोनों प्रोजेक्ट्स को एक साथ शूट करने का फैसला किया है।

### उत्तर प्रदेश में होगी शूटिंग

अगर सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो शूटिंग उत्तर प्रदेश में शुरू होगी। इसका एक हिस्सा मुंबई में भी फिल्माया जाएगा। कलाकारों और क्रू के लिए एक ही समय में दो अलग-अलग प्रारूपों पर काम करना एक रोमांचक चुनौती होगी। गुरमीत इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जिसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है, जो शो के निर्माता के रूप में काम करते हैं।

# सैफ अली खान को ट्रोल करने वालों को पूजा भट्ट का जवाब



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। डिस्चार्ज होने के बाद खुद चलकर अपने घर आए। अभिनेता ने व्हील चेयर पर न आकर खुद चलकर आए। इसे लेकर लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। इस पर अब पूजा भट्ट ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। साथ ही उनके धैर्य की सराहना भी की है।




### सैफ अली खान को किया ट्रोल

इंटरव्यू में पूजा भट्ट ने कहा कि सैफ अली खान को छुट्टी मिलने के बाद उन्हें लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कमजोर स्थिति में मदद मांगने के लिए कितनी ताकत की जरूरत होती है और ठीक होने के लिए उनके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की।

### दिया साहस का परिचय

पूजा भट्ट ने कहा, लेकिन क्या ये लोग यह नहीं भूलते कि उन्होंने अस्पताल में खुद चलकर जाने के लिए भी उनकी प्रशंसा की थी? एक व्यक्ति जो घायल, दर्दनाक स्थिति में खुद को अस्पताल में भर्ती कराता है, निश्चित रूप से उसके पास खुद अस्पताल से बाहर निकलने का साहस होता है। हमें साजिश रचने वालों का सहारा लेने के बजाय इसकी सराहना करनी चाहिए।



# हॉलीड से लेकर बेबी तक, स्काई फोर्स ने पहले भी अक्षय कई बार दिखा चुके हैं देशभक्ति का जज्बा

अक्षय कुमार ने अपने करियर की शुरुआत एक एक्शन स्टार के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने कॉमेडी में भी अपनी छाप छोड़ी और अब वह देशभक्ति से भरपूर फिल्मों के लिए सबसे प्रमुख अभिनेता बन गए हैं। समय के साथ उन्होंने उन किरदारों को भी निभाया है जो या तो सेना के अधिकारी होते हैं या फिर समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक। उनकी आगामी फिल्म स्काई फोर्स से पहले आज हम अक्षय की उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जो देशभक्ति की भावना पर आधारित हैं।

### हॉलीडे

अक्षय कुमार की यह फिल्म उनके देशभक्ति यात्रा के शुरुआती दिनों में आई थी। फिल्म में वह एक भारतीय सेना के सैनिक के रूप में आतंकवादियों से अपने शहर को बचाते नजर आते हैं। ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी यह फिल्म लोगों को खूब पसंद आई थी।

### केसरी

केसरी फिल्म सारागढ़ी की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है, जिसमें अक्षय कुमार हवलदार ईशर सिंह के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में अक्षय का किरदार को एक ऐसे नायक के रूप में चित्रित किया गया है, जो न केवल बहादुर है, बल्कि उसके पास मजबूत नैतिक मूल्य और ईमानदारी भी है।

### मिशन मंगल

इस फिल्म में अक्षय कुमार ने इसरो के वैज्ञानिक राकेश धवन का किरदार निभाया है। फिल्म देशभक्ति की भावना से भरपूर है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। लोगों ने भी फिल्म की कहानी और इसके कलाकारों के अभिनय को काफी ज्यादा सराहा था।

### गोल्ड

यह फिल्म 1948 के ओलंपिक में भारत की हॉकी टीम को लेकर बुनी गई कहानी पर आधारित है। अक्षय कुमार ने एक बंगाली कोच की भूमिका निभाई थी। फिल्म में मौनी रॉय भी नजर आई थीं।

### एयरलिफ्ट

अक्षय कुमार की फिल्म एयरलिफ्ट में वह एक भारतीय व्यापारी में नजर आए थे, जो युद्धग्रस्त कुवैत से अपने देशवासियों को सुरक्षित निकालने की कोशिश करता है। इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरहिट रही थी।

### बेबी

इस फिल्म में अक्षय कुमार आतंकवाद से लड़ते नजर आते हैं। फिल्म में उनके किरदार को काफी सरहाना मिली थी। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कारोबार करने में सफल रही थी।

### अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों में अक्षय कुमार सैनिक के रूप में नजर आए थे। इस फिल्म में उनकी अदाकारी के साथ उनके संवाद भी काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए थे। फिल्म में बॉबी देओल और अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिकाओं में थे।

# छावा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं

रश्मिका मंदाना ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने पर बहुत खुश हैं। रश्मिका मंदाना ने कहा मैं बहुत आश्चर्यचकित थी कि लक्ष्मण सर ने कैसे मुझे इस किरदार के लिए चुना। इस किरदार के बारे में मुझे ज्यादा नहीं पता था, इसके लिए बहुत प्रैक्टिस और रिहर्सल किया, ताकि हम अपना बेस्ट दे सकें। रश्मिका ने बताया कि सेट में सभी लोग मुझे महारानी कह कर ही बुलाते हैं निर्देशक लक्ष्मण उतेकर को लेकर रश्मिका ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं, इस बीच लक्ष्मण सर बहुत शांति से काम करते हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है ट्रेलर लॉन्च के दौरान रश्मिका मंदाना अपने टूटे पैर के साथ पहुंचे, इस दौरान विक्की ने उनका हाथ थामे लगा रखा।



# महाकुंभ है सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण: कुं. बृजेश सिंह







**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी 2025 तक नोएडा के शिल्प हाट सेक्टर-33ए में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसका जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश सिंह के ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित करते हुए विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष नोएडा मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, गिरीश कोटनाला, अशोक मिश्रा, जिला अध्यक्ष ग्रेटर नोएडा गजेंद्र मावी, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ नोएडा सतीश पाल, तथा जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री ने समस्त जनपदवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश दिवस पर उत्तर प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री तथा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हॉट में सांस्कृतिक आयोजन का उद्घाटन किया। उदघाटन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ हमारी विरासत है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसका सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी 3 दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के उत्तर प्रदेश दिवस की जो थीम है विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश और जब हम उत्तर प्रदेश में विकास की बात करते है तो मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास कार्यो ने तेजी पकड़ी और हमारा उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप में उभरकर सामने आया।

मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर प्रदेश दिवस में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अंतर्राष्ट्रीय रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर द्वारा रागिनी गायन एवं भूषण कुमार द्वारा गजल नाइट की मनोहर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप प्ररमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी महिपाल सिंह, जिला सांख्यिकी अधिकारी शिवराज सिंह, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ श्वेता खुराना, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूट्यूबर एल्विश यादव पर फिर लटकी कानूनी तलवार

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** फेमस यूट्यूबर और बिग बस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव अक्सर सुर्खियों का हिस्सा बने रहते हैं। ऐसे में एक बार फिर एल्विश यादव कानूनी पचड़ों में फंस गए हैं। दरअसल फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला में अपर जिला जज जूनियर डिवीजन ने थाना नंदग्राम को आदेश दिया है कि वह एल्विश यादव के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज करें। एल्विश यादव से जुड़ा ये मामला काफी तूल पकड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद में अपर जिला जज जूनियर डिवीजन ने थाना नंदग्राम को मुकदमा दर्ज करके का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि पीएफए से जुड़े एक व्यक्ति ने कोर्ट में अर्जी लगाई थी कि पुलिस को दी शिकायतों पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। उसके और उसके भाई के जान को खतरा है क्योंकि सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार धमकी भरे मैसेज दिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पीएफए से जुड़े गौरव गुप्ता ने बताया कि, उनके भाई सौरव गुप्ता ने एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम में FIR दर्ज कराई थी। गौरव गुप्ता खुद नोएडा में एल्विश यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में हुए मुकदमे के वादी थे।

गौरव गुप्ता के अनुसार सौरव को लग रहा था लगातार उनकी रेकी की जा रही है। जिस सोसाइटी में वो रहते हैं वहां कुछ अनवांटेड लोग घूम रहे हैं। सौरव को यह भी डर था कि सौरव और उसके भाई गौरव को एल्विश यादव या उसके जानकार किसी झूठे मामले में फंसा सकते हैं।

## ओवर लोड वाहनों पर कहर बना एआरटीओ विभाग

### इस माह 115 चालान, 65 वाहन बंद, 53.31 लाख शुल्क वसूला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा ओवर लोड संचालित वाहनों और खनन सामाग्री के अवैध परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। बीते 23 दिनों में विभाग ने लगभग 2211 ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की गई है।

आपको बता दें कि परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर की तीनों एआरटीओ व दोनों यात्रीकर अधिकारी 5 प्रवर्तन टीमों द्वारा प्रवर्तन अभियान के तहत 23 जनवरी तक 115 ओवर लोड वाहनों के चालान और 65 ओवर लोड वाहनों को बन्द किया गया तथा 53.31 लाख रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 2211 ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की गयी और 845.65 लाख प्रशमन शुल्क वसूल किया गया। यह कार्यवाही दादरी, डीएनडी, सिरसा कट, नालेज पार्क, जीरो प्वाइण्ट, जेवर सहित विभिन्न स्थानों पर की गयी है। परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा ओवर लोड वाहनों को चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बन के साथ साथ वाहन के परमिट निलम्बन भी किए गए है।




सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डा उदित नारायण पाण्डेय ने बताया गया कि ओवरलोडिंग से एक तरफ वाहन के इंजन, टायर जल्दी खराब हो जाते है वहीं दूसरी तरफ इससे सड़कों में टूट फूट होती है और सड़कों के मरम्मत का व्यय बढ़ने से राजस्व क्षति होती है।

ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध शासन द्वारा जुर्माना भी 20,000 रु तथा प्रत्येक टन रु 2000 निर्धारित किया गया है।

**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**
ISO 9001:2008
**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

## एनएमआरसी को प्राधिकरण की टीम ने हराया



### राजकुमार ने लिये 4 विकेट, अजय ने बनाये 45 रन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम में नोएडा प्राधिकरण और नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसे प्राधिकरण की टीम ने 5 विकेट से जीता।

एनएमआरसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन प्राधिकरण की टीम के कप्तान, नोएडा एम्प्लॉय एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, की घातक गेंदबाजी की बदौलत एनएमआरसी की टीम 16 ओवर में मात्र 95 रन का ही लक्ष्य दे पाई। राजकुमार चौधरी ने 4 ओवर में 4 विकेट चटकाए। एनएमआरसी की तरफ से अजय ने एक छोर संभाल कर रखा और नाबाद रहते हुए 45 रन बनाए। एनएमआरसी की टीम की कप्तानी OSD महेंद्र प्रताप (IAS) ने संभाली।

प्राधिकरण की ओर से विजय रावल, (DGM civil) और कपिल सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक वर्क सर्किल -2) ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से पारी की शुरुआत की और तेज गति से स्कोर को आगे बढ़ाया। लेकिन OSD महेंद्र प्रताप जी ने खुद गेंदबाजी की कमान संभाल कर, प्राधिकरण की रन गति को रोका।

अंत में चौधरी राजकुमार ने अंतिम ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके, प्राधिकरण की टीम को जिताया।

## राष्ट्र की उन्नति में नारी की भूमिका अहम: आर्यवती बुलौकी

गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 47वें वार्षिकोत्सव पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल




आर्य के सानिध्य में त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आर्य महा वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेशवर (हरिद्वार) ने यज्ञ से किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति पुरातन व सर्वश्रेष्ठ है।

द्वितीय सत्र में 'अंतरराष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन' का आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता आचार्या विमलेश बंसल ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए सभी को स्वामी दयानंद के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा नारियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने बाल विवाह,सती प्रथा जैसी कुरीतियों को बंद किया और विधवाओं को पुनर्विवाह के अधिकार दिऐ।

मुख्य अतिथि मॉरीशस से वैदिक विदुषी आर्यवती बुलौकी ने बताया की नारियों के अंदर प्रबल शक्ति है उन शक्तियों का प्रयोग कर नारी अपने परिवार,अपने राष्ट्र, अपने धर्म के प्रति आगे बढ़कर कार्य करने को प्रोत्साहित होती है। उन्होंने स्वामी दयानंद जी का भी धन्यवाद करते हुए उन्हें नमन किया।उन्होंने अपने विचारों में सब को बताया कि नारी नर हृदय की आशा है,नारी को कंधे से कंधा मिलाकर चलना है तभी राष्ट्र की उन्नति हो सकती है इसलिए नारी तू आत्मनिरीक्षण कर और सबको आर्य बना।

प्रो.करुणा चांदना ने बताया कि आर्य समाज ही एक ऐसी संस्था है जहां पर नर और नारी सभी को समान रूप से सम्मान प्राप्त होता है। नारी शक्ति की देवी है,नारी तू आगे बढ़।उन्होंने आगे कहा कि यदि नारी स्वस्थ है तो पूरा परिवार स्वस्थ और निरोगी रह सकता है। बिमला आहूजा ने अपने सुंदर विचारों द्वारा स्वामी जी का धन्यवाद किया और नारियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने ने भी अपने व्यक्त किए।

कार्यक्रम संचालक श्रुति सेतिया ने नारियों को आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरणा देते हुए अपने सुंदर विचार रखें।

गायिका पिंकी आर्य, कृष्णा गाँधी, रचना वर्मा वर्मा, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, रचना वर्मा, सुनीता बुग्गा ने मधुर भजनों के द्वारा सभी का मन मोह लिया। श्रुति सेतिया ने नारियों को आगे बढ़ने और समाज को जागृत रहने की दिशा में अपने विचार रखें।

